




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 14, अंक 206 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये दुर्ग, गुरुवार 22 मई 2025 www.samaydarshan.in







## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला- कहा– यूपी में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त, जनता 2027 में सत्ता परिवर्तन को तैयार

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध नियंत्रण के सारे दावे खोखले साबित हुए हैं और सरकार का 'जीरो टॉलरेंस' अब पूरी तरह 'जीरो' हो चुका है।अखिलेश यादव ने कहा कि हत्या, लूट, बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में तेजी से वृद्धि हो रही है, विशेषकर महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी देश में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने भाजपा सरकार को महिला सुरक्षा के मोर्चे पर पूरी तरह विफल बताया।उन्होंने हाल की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि मुरादाबाद में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, मेरठ में नर्स से दुष्कर्म का प्रयास, फर्रुखाबाद में सो रही बुजुर्ग महिला की हत्या और कानपुर नगर के चौबेपुर में व्यक्ति की हत्या जैसी घटनाएं प्रदेश की भयावह स्थिति को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि ये महज उदाहरण हैं, राज्य में रोज़ ऐसी दर्जनों घटनाएं घट रही हैं।सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में गरीब, दलित और आमजन सबसे ज्यादा पीड़ित हैं।

### मर्चेंट नेवी के पूर्व कर्मचारी से 2.61 करोड़ की ठगी,आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा ।** पुलिस ने फर्जीवाड़े के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सरकारी विभागों के नाम पर फर्जी दस्तावेज दिखाकर एक युवक से करोड़ों रुपए की ठगी की थी। आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी आशीष सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 2014 से 2025 के बीच उससे करीब 2.61 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की गई। आशीष पहले मर्चेंट नेवी में कार्यरत था, लेकिन पिता के निधन के बाद नौकरी छोड़कर छिंदवाड़ा लौट आया। इसी दौरान उसका संपर्क पुराने साथियों हरविंदर गिल और लक्ष्य शर्मा से हुआ।

दोनों आरोपियों ने उसे इंपोर्ट-एक्सपोर्ट कारोबार में निवेश का झांसा दिया और मोटे कमीशन की बात कहकर लगातार पैसों की मांग करते रहे। ठगी को विश्वसनीय बनाने के लिए आरोपियों ने खुद को इनकम टैक्स, सुप्रीम कोर्ट, आरबीआई और वित्त मंत्रालय से जुड़ा अधिकारी बताया।

व्हाट्सएप और मेल के जरिए आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज, लेटरहेड और सरकारी ईमेल आइडी भेजे, जिससे आशीष को भरोसा हो गया। लगातार भेजे गए नकली दस्तावेजों के दम पर उन्होंने किश्तों में करोड़ों की रकम ऐंठ ली।

गृहमंत्री शाह ने बताई ऐतिहासिक उपलब्धि

# 27 नक्सली ढेर, मारा गया डेढ़ करोड़ का इनामी बसव



**बीजापुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अबूझमाड़ इलाके में हो रही इस मुठभड़े में अब तक 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। कई नक्सलियों के शव और भारी संख्या में हथियार बरामद होने की खबर है। मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है।

नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों डीआरजी के जवानों से नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है। माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हुई। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफसे गोलीबारी जारी है। करीब 27 नक्ललियों के मारे जाने खबर सामने आ रही है, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

खबर मिल रही है कि इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया है। कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। माड़ के दुर्गम इलाके में बुधवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी थी। इस अभियान को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इस सफलता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

### विस अध्यक्ष रमन सिंह ने दी बधाई

नारायणपुर में चल रहे ऑपरेशन में मारे गए 26 नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मैं इस बड़े ऑपरेशन के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को उनकी सफलता के लिए बधाई देता हूं। इस ऑपरेशन में एक पुलिसकर्मी के घायल होने के अलावा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मैं केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री और विजय शर्मा जी को भी बधाई देता हूं।

### सीएम साय ने भी जवानों को दी बधाई

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सल मोर्चे पर लगातार कामयाबी मिल रही है। 27 से ज्यादा नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इस सफल ऑपरेशन के लिये उन्होंने जवानों को बधाई दी है। शीर्ष नक्सली नेता-सीपीआई-माओवादी महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू की हत्या पर अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद के खिलाफभारत की लड़ाई के तीन दशकों में पहली बार महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है।

अयोध्या को मिलेगा एक और पथ का तोहफा

## राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में बनेगा भरत पथ

### 900 करोड़ रुपए से भरत पथ को बनाया जाएगा

### 20 किलोमीटर का होगा यह पथ, रानोपाली, विद्या कुंड से दर्शन नगर होते हुए भरतकुंड तक जाएगा



**अयोध्या ( एजेंसी )।** जहां भगवान श्रीराम के जन्म और उनकी लीलाओं की गाथाएं हर कण में बसी हैं, वहां अब एक और भव्य मार्ग का उपहार मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में भरत पथ का निर्माण प्रस्तावित है। यह नया मार्ग भगवान राम के छोटे भाई और तपस्वी भरत की तपोस्थली भरतकुंड को जोड़ेगा, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में और अधिक सुविधा मिलेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 900 करोड़ रुपये है और इसका प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग ने मुख्यालय को भेज दिया है। यह मार्ग न केवल धार्मिक महत्व को बढ़ाएगा, बल्कि अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में और सशक्त करेगा।

योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या को वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। राम मंदिर के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश-विदेश से लाखों लोग रोजाना रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस बढ़ती भीड़ को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कई मार्गों का निर्माण और चौड़ीकरण कर रही है। राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, और अब भरत पथ के अलावा पंचकोसी और चौदहकोसी परिक्रमा मार्गों के भी चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। भरत पथ की कुल लंबाई 20 किलोमीटर होगी। यह मार्ग राम पथ के किनारे रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग से शुरू होकर विद्याकुंड और दर्शननगर होते हुए प्रयागराज हाईवे पर भरतकुंड तक जाएगा।

पाकिस्तान की कहानियां सुना रही थी

## मेरी शादी करवाओ.. ज्योति मल्होत्रा और पाकिस्तानी हैंडलर के बीच की बातचीत आई सामने, कोड वर्ड में ऐसे करती थी बात



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हिसार पुलिस की हिरासत में मौजूद यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पहले तो जांच अधिकारियों को फिल्मी अंदाज में पाकिस्तान की कहानियां सुना रही थी, लेकिन अब उसने कबूल किया है कि अपने यूट्यूब चैनल के लाइक और सब्सक्राइब के चक्कर में वह पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव के जाल में फंस गई। ज्योति मल्होत्रा को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। हाल ही ज्योति और उसके पाकिस्तानी हैंडलर के बीच में एक बातचीत सामने आई है, जिसमें ज्योति इस्लामाबाद के प्रति अपने लगाव और को जताती दिख रही है। इससे पहले ज्योति की पर्सनल डायरी भी पुलिस के हाथ लगी थी, जिसमें उसने पाकिस्तान के बारे में और वहां के लोगों के बारे में बड़ी ही अच्छी बातें लिखी थीं।

सूत्रों के मुताबिक ज्योति अपनी पाकिस्तानी यात्रा के बाद से ही लगातार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट अली हसन के संपर्क में थी। पुलिस के मुताबिक यह दोनों आपस में काफी बातचीत करते थे। अधिकारियों के मुताबिक 33 साल की यूट्यूबर और हसन के बीच में सोशल मीडिया पर कुछ चैट्स मिली हैं। इस बातचीत में मल्होत्रा, हसन से कहती है, मेरी शादी पाकिस्तान में ही किसी से करवा दो पुलिस के मुताबिक ज्योति की इस बात से उसका पाकिस्तान के प्रति झुकाव साफ समझ आता है।

इसके अलावा ज्योति ने हसन से अपनी बहुत सारी बातचीत कोड्स के जरिए की है, जिसे पुलिस लगातार डिकोड करने की कोशिश कर रही है। इस मामले में लगातार जांच कर रही हरियाणा पुलिस के मुताबिक ज्योति मल्होत्रा के चार बैंक खातों के बारे में जानकारी मिली है। इनमें से एक खाते में दुबई से लेन-देन किया गया है। एजेंसियां फिलहाल उसके बाकी खातों की भी जांच कर रही हैं ताकि पता लगाया जा सके कि उसके पास किस-किस जगह से पैसा आ रहा था।

बता दें कि मल्होत्रा फिलहाल पुलिस की हिरासत में है। ज्योति के इंस्टाग्राम पर करीब एक लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

हरियाणा में अपने एक साथी की मदद से ज्योति नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास के एक कर्मचारी दानिश के संपर्क में आई। बाद में दानिश के जरिए ही वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के कुछ एजेंटों से मिली। यहां से ज्योति पाकिस्तानी एजेंट्स के जाल में फंसती गई और फिर इसके बाद इन्हीं एजेंट्स के सहयोग से उसे पाकिस्तानी वीजा भी मिल गया। पाकिस्तान की यात्रा पर गई ज्योति ने कई वीडियोज बनाकर अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए। हालांकि अपनी इस यात्रा के दौरान ज्योति पाकिस्तानी पंजाब प्रांत की सीएम मरियम नवाज से मिली.. पाकिस्तानी राजनीति में ज्योति की इस पहचान पर जांच एजेंसियों की भी नजर है।


एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

**Last Date: 31st May 2025!**

**For Mandatory Filing of Annual Return for FY 2024-25**
(through FSSAI's FoSCoS portal only)

All FSSAI Licensed **Manufacturers, Importers and Manufacturer - Exporter of Food** shall submit their **Annual Return for the FY 2024-25**

- Refer Clause 2.1.13 and Conditions of License 05 of FSS (Licensing and Registration of Food Businesses) Regulations, 2011
- How to **File Annual Return:**
  - **Step 1:** Login into FoSCoS portal
  - **Step 2:** Go to Left Menu - > Annual Return - > Fill Annual Return

**Points to keep in view for filing Annual Return:**

- Shall be filed even for 'NIL' production during previous financial year.
- Shall be filed even if license is expired or surrendered during the FY 2024-25.
- Shall be filed even if new license obtained before 31st March 2025.
- Repacker and relabeller shall also file annual return.




**Consequences for Non-Compliance:**

- Penalty: Rs. 100 Per day wef 1st June 2025
- License may be suspended under Section 32 of the FSS Act, 2006

**For more details:**

- Visit FoSCoS [https://foscos.fssai.gov.in]
- Call FSSAI's Helpline @1800112100 from 7:00 AM to 11:00 PM
- Write at helpdesk-foscos@fssai.gov.in

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

CBC 17163/12/0007/2526


भारत का पाक पर एक और सख्त एक्शन

# 24 घंटे में उच्चायोग के अधिकारी को देश छोड़ने का आदेश




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने नई दिल्ली स्थित स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है। भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है।

पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने आज इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफउठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संदर्भ में आज पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया।

भारत की ओर से स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि पाकिस्तान के कोई भी राजनयिक या अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें। बता दें कि 'पर्सोना नॉन ग्राटा' किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछित घोषित करने की वह स्थिति होती है। जिसके तहत उसे देश छोड़ने का तुरंत आदेश दिया जाता है। इससे पहले 13 मई को भारत ने जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण एक पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया था।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा की गई एक भयावह घटना में 26 निर्दोष पर्यटकों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस जघन्य आतंकी हमले के ठीक अगले दिन, 23 अप्रैल को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफकई कड़े कूटनीतिक कदम उठाए थे। इसके बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश दे रहा है। इन उपायों के तहत नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत अधिकारियों की संख्या को 55 से घटाकर 30 कर दिया गया। इसके अलावा, भारत सरकार ने पाकिस्तानी रक्षा सलाहकारों को देश से निष्कासित करते हुए उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही भारत ने इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग से सभी रक्षा सलाहकारों को तत्काल प्रभाव से वापस बुला लिया था और वहां कार्यरत राजनयिकों की संख्या में भी कटौती कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अमलेश्वर थाना क्षेत्र में फिर टूटा सुने मकान का ताला, सोने चांदी के जेवर पर चोर ने हाथ साफ किए

**पाटन (समय दर्शन)।** अमलेश्वर थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305,331(4) के तहत कार्रवाई कर विवेचना कर रही है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि कबीर नगर अमलेश्वर निवासी मुकेश देवांगन (32 वर्ष) ड्रायवरी का काम करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 18 मई की दोपहर 12 बजे अपने घर का दरवाजा का ताला बंदकर पूरे परिवार के साथ ससुराल चंगोराभांठा रायपुर गया था। आज सुबह 7 बजे आया तो देखा कि सामने का स्टील का दरवाजा को तोड़कर अंदर घुसकर घर के दरवाजा की कुंडी को तोड़कर आलमारी में रखे जेवर एक जोड़ी चांदी का पायल 64 ग्राम, एक चांदी का कड़ा 15 ग्राम, एक जोड़ी चांदी का पायल 48 ग्राम, सोने का एक जोड़ी बाली 0.670 ग्राम, एक सोने का हार 10.790 ग्राम, एक सोने का लाकेट 04.650 ग्राम, छः सोने का दाना 0.830 ग्राम, एक जोड़ी सोने का टाप्स 03.880 ग्राम, एक सोने का लाकेट 0.800 ग्राम, सोने की पांच पत्ती 03.240 ग्राम को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

### महिलाओं ने माथे पर सिंदुर लगाकर हाथों में पकड़ा तिरंगा



**रिसाली( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम रिसाली के तत्वधान में शहर की महिलओं ने बुधवार की शाम रैली निकाली। वे पहले एक दूसरे के माथे पर सिंदुर का तिलक की। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली मोनिका वर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली।

महिलाओं ने रैली तिरंगा के सम्मान में निकाली। ऑपरेशन सिंदुर के सफल होने पर दशहरा मैदान में महिलाओं ने आपस में सिंदुर का तिलक की। इसके बाद विधायक के नेतृत्व में रैली भारत माता के जयकारे लगाते हुए कृष्णा टाकिज रोड पहुंची। कृष्णा टाकिज रोड भ्रमण करते हुए रैली वापस शहीद स्मारक स्थल पहुंची। जहां महिलाओं ने और वरिष्ठ नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य डॉ. सीमा साहू, पार्षद रमा साहू, माया यादव, धर्मेन्द्र भगत, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, महिला स्व समूह की सदस्य व नगर पालिक निगम रिसाली की महिला कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

### अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 46 लाख की ठगी

**रायपुर।** ग्लोबल सीएस ट्रेडिंग के साइड पर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 46 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल कुमार रोहित 31 वर्ष जयनम प्लेनेट आमानाका का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 73574-68406 से कॉल आया।

# कांग्रेस ने राजीव गांधी पुण्यतिथि में श्रध्दांजलि अर्पित कर रैली निकाली गई



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किमी दूर घने जंगल और पहाड़ियों के बीच बसा हुआ राजीव गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट मे आज बुधवार को राजीव गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा श्रध्दांजलि सभा का आयोजन किया गया और दोपहर 1 बजे तेज धूप मे रैली निकाली गई।जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव,महामंत्री गेंदू यादव एवं कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी सहित सैकड़ो की संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता और आदिवासी कमार जनजाति के ग्रामीण राजीव गांधी के प्रतिमा का पूजा अर्चना कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि अर्पित के पश्चात् कुल्हाड़ीघाट के गलियों मे रैली निकाली गई जिसमें पूरे ग्रामवासी शामिल हुए।इस दौरान एक सभा का आयोजन किया गया इस दौरान कमार जनजाति परिवार के लोगो को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा साल श्रीफल देकर सम्मान किया गया आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा सन् 1985 को देश के प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी जब इस छोटे से गांव कुल्हाड़ीघाट पहुंचे थे तब इस गांव मे पहुचंने के लिए पक्की सड़क नही थी और मूलभूत सुविधाएं नही था राजीव गांधी के कुल्हाड़ीघाट आने के बाद कुल्हाड़ीघाट तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया गया बिजली लगायी गई स्कूल आश्रम खोला गया कांग्रेस सरकार ने कुल्हाड़ीघाट के विकास के लिए खूब कार्य किया श्री नेताम ने आरोप लगाते हुए कहा जबसे प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी है पक्षपात की राजनीति किया जा रहा है आदिवासी कमार जनजाति के लोगो के विकास के लिए राज्य की भाजपा और केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा से गांव गरीब किसान मजदूर और सभी वर्गो के हित के लिए कार्य करने वाली पार्टी है आज से 36 वर्ष पहले राजीव गांधी ने कुल्हाड़ीघाट एवं दुगली जैसे छोटे से गांव मे अपने धर्म पत्नि सोनियां गांधी के साथ पहुंचे थे और यहां निवास करने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के जीवन शैली को नजदीक से देखा था उनके दुख दर्द को महसूस किया था राजीव गांधी ने कमार जनजाति के विकास के लिए जो योजना चलाई वह अपने आप मे एक मिशाल है। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदू यादव ने कहा आज हम सबको राजीव गांधी के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सरपंच कुल्हाड़ीघाट बनसिंह सोरी ने करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। राजीव गांधी को कंदमूल खिलाने वाली स्व.बल्दीबाई के परिजनो का सम्मान किया गया,,,,कुल्हाड़ीघाट मे जब सन 1985 को देश के प्रधानमंत्री राजीव गांधी पहुंचे थे तो उन्होने यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति महिला बल्दीबाई के घर पहुचकर कंद मूल और भोजन ग्रहण किया था।

## एथेनॉल पोटाश की मात्रा कम होने से किसानों को नगद वापसी की मांग



**कवर्धा (समय दर्शन)।** समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ ने सोमवार को जिलाधीश श्री वर्मा एवं भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक गौरी शंकर शर्मा से मुलाकात किया। इस दौरान किसानों को एथेनॉल द्वारा वितरण किए जाने वाले पोटाश और मूल भुगतान के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक श्री शर्मा ने बताया कि कृषि विभाग की अनुशंसा पर खाद्य का वितरण किया गया है, जिसका रैंडम जांच करने पर पोटाश की मात्रा कम पाई गई है इसलिए तत्काल उसे बेचना बंद कर दिया गया है। समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ ने मांग की है कि जितने किसान भाई इस खाद को खरीदा है। उसका ग्रामवार सूची की मांग की है और राशि यथाशीघ्र किसानों से जिस प्रकार नगद लिया गया है। उसी प्रकार नगद वापस किया जाए। समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ ने साफ शब्दों में बताया है कि खाद की पैसा वापसी के संबंध में एक सप्ताह में कोई जानकारी नहीं मिलती है, तो समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ इसका आंदोलन करके घोर विरोध करेगा और दोषी के ऊपर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

संघ ने कहा है कि भुगतान के संबंध में पूछने पर प्रबंध संचालक श्री शर्मा ने बताया कि हमारे पास 35 करोड़ का शक्कर कारखाना के स्टोर पर है, 14 करोड़ एथेनॉल के पास से लेना है। वहीं 8 करोड़ इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड से लेना है और 18 करोड़ नॉन से लेना था समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ द्वारा बार बार पत्राचार किया गया, जिसके फलस्वरूप समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ के सामने बात करके 18 करोड़ नॉन से प्राप्त किया है। आने वाले चार दिनों में 18 करोड़ की मूल भुगतान की राशि किसानों के खाता में भेजकर मूल भुगतान को पूर्ण कर दिया जाएगा।

## नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश की अगुवाई में दर्री तालाब की जलकुंभी सफाई अभियान जारी



**कवर्धा (समय दर्शन)।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में 'स्वच्छ, सुंदर, विकसित कवर्धा' अभियान के तहत दर्री तालाब में श्रमदान के माध्यम से रविवार को जलकुंभी हटाकर सफाई कार्य किया गया। यह इस अभियान का छठवा चरण था, जिसमें जलकुंभी से पटा दर्री तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु श्रमदान किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि शहर के अधिकांश तालाबो में जलकुंभी के कारण तालाब का जल प्रवाह अवरुद्ध हो गया था और दुर्गंध की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इससे आसपास के निवासियों को सामाजिक और धार्मिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब श्रमदान से तालाब की सफाई की जा रही है, जिससे न केवल इसकी सुंदरता लौटेगी बल्कि जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर जनजागरूकता भी बढ़ेगी। हमारी टीम द्वारा यह अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया जा रहा है।

# पीएमश्री पिथौरा मे विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु समर कैम्प का आयोजन

### निरीक्षण मे पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, हुए प्रभावित



**पिथौरा( समय दर्शन )।** पी एम श्री विद्यालय पिथौरा में विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु 01 मई 2025 से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक योगाभ्यास, कराटे, गायन, वादन, मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग, क्ले आर्ट, सिलाई व अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस समर कैंप के निरीक्षण के लिए आज दिनांक 21, 05, 2025 को महासमुंद जिला के जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे , डी एम सी रेखराज शर्मा , जिला नोडल अधिकारी सम्पा बोस का आगमन हुआ।

समर कैंप का निरीक्षण करते हुए अधिकारी गण प्रभावित हुए तथा विद्यालय के गतिविधियों से प्रसन्नता व्यक्त किए। बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025 में विद्यालय के परिणाम से डीईओ श्री लहरे अत्यंत प्रभावित हुए। ज्ञात हो कि इस वर्ष विद्यालय के 10 वीं, 12 वीं बोर्ड परिणाम शानदार रहा है। कक्षा 10 वीं में लक्ष्मी साहू ने 95.33त्न अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तथा 6 विद्यार्थियों का 90त्न से अधिक अंक आया है।

इसी तरह कक्षा 12 वीं का भी परिणाम बेहतर रहा है। डीईओ श्री लहरे ने आगामी शिक्षक पालक बैठक में स्वयं उपस्थित रहने तथा आवश्यक दिशा निर्देश देने की बातें कही। नोडल अधिकारी बोस मैडम ने समर कैंप के आयोजन से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी , प्राचार्य एम डी प्रधान, वरिष्ठ व्याख्याता एम के साहू, भानु प्रताप पटेल, अजय साहू, सुश्री रोशनी पटेल, श्रीमती सुमन साहू, शिव कुमार भोई, श्रीमती निर्मला पटेल, अमरजीत नायक, योगेश सोनवानी, सुश्री मोनिका साहू सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

## गुरूकुल ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं को समानित




**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं की परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए। मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित सम्मान समारोह में कक्षा 12 वी एवं कक्षा 10 वीं से प्रथम 10-10 मेघावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी योग दास साहू एवं गुरूकुल के डायरेक्टर सूचित बोथरा मंचासीन थे। प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह ने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की सारगर्भित विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों की कड़ी परिश्रम एवं प्रबंधन समिति द्वारा अनुकूल शिक्षा का वातावरण के कारण बच्चें कबीरधाम जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही अच्छे अंक प्राप्त करने में सफल हो पाए हैं। साथ ही अभिभावकों का गुरूकुल विद्यालय पर विश्वास रखना तथा अध्यापकों का कठिन मेहनत करना ही इस परीक्षा परिणाम का मूल मंत्र है। विशिष्ट अतिथि, जिला शिक्षा अधिकारी श्री साहू ने कहा कि बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त करने के बाद अपनी मेहनत बंद नहीं करनी चाहिए, बल्कि आगे आने वाली चुनौतियों से लडने के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

# पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ ने वृन्दावन हाल में मनाया तृतीय स्थापना दिवस व सम्मान समारोह

### बतौर प्रमुखअतिथि शामिल हुए विधायक पुरन्दर मिश्रा,महापौर मिनल चौबे,अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीतसिंह छाबड़ा

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर मे पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के द्वारा तृतीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह वृन्दावन हाल रायपुर में पुरन्दर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ पत्रकार शिक्षा विद् मधुकर द्विवेदी की अध्यक्षता एवं श्रीमती मीनल चौबे महापौर नगर निगम रायपुर, अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग छत्तीसगढ़ शासन, डॉ देवधर महंत कवि साहित्यकार, महेन्द्र जायसवाल समाज सेवी,संत लखन मुनि साहेब प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला, डॉ पी के तिवारी प्रधान संपादक दैनिक दबंग स्वर,निशांत भाई सीईओ एम एन एस न्यूज विशिष्ट अतिथियों, प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पत्रकारिता के पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

तृतीय स्थापना दिवस पर पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग जायज है निश्चित रूप से इन बातों को मुख्यमंत्री के पास रखा जायेगा। पत्रकार समाचार संकलन और समाज को आईना दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मैंने बसना क्षेत्र में नशामुक्ति को लेकर पदयात्रा किया जिसका जबरदस्त लाभ मिलता गया लोग सुधरते गये इसलिए पत्रकार बंधु नशा पान से दूर रहें और अपने परिवारों के साथ अपने महत्वपूर्ण समय को दें। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीनल चौबे महापौर ने बताया कि निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करें। मैं पत्रकारों का सम्मान करती हूं। पत्रकार भाईयों का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। रायपुर महानगर की जनता ने मुझे भारी मतों जीत दिलाई है।मै महानगर की जनता के लिए काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पत्रकार भाई, बहनों का कोई भी कार्य मेरे लायक रहेगा उसे मैं अवश्य पूरा करूंगी। विशिष्ट अतिथि डॉ देवधर महंत साहित्यकार ने कहा कि पत्रकारिता एक कठिन तपस्या है। अपने आपको आम जनता के हितार्थ




तपाना पड़ता है।आम जन मानस को समाज में आईने दिखाने का काम करता है तो वह पत्रकार है। चौथा स्तंभ के रूप माने जाने वाले पत्रकार अपनी एक जुटता को कायम रखें और आगे बढ़ें। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है संघे शक्ति कलि युगे- संगठन में शक्ति निहित है। मैं उच्च न्यायालय में वकालत कर रहा हूं।पत्रकारों को आव्हान करता हूं कि कोई भी समस्या होगी तो मैं आप लोगों के साथ सदैव खड़ा रहूंगा।उन्होंने कहा

कभी नहीं उपहार मिला करता है
बिन मांगे अधिकार मिला करता है
भीख मांगने से कब मिलता है
हिस्सा,छीनो तो संसार मिला करता है

वरिष्ठ पत्रकार शिक्षाविद् मधुकर द्विवेदी ने निष्पक्ष, स्वस्थ और स्वच्छ पत्रकारिता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहरी पत्रकार और आंचलिक पत्रकार में फर्क है। आंचलिक पत्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर समाचार संकलन करते हैं और आम जनता के हित में सरकार तक पहुंचाते हैं। पत्रकारिता एक पेशा नहीं है बल्कि यह तो जनता की सेवा का माध्यम है। पत्रकारों को केवल घटनाओं का विवरण ही पेश नहीं करना चाहिये।आम जनता के सामने उसका विश्लेषण भी करना चाहिये। पत्रकारों पर लोकतांत्रिक परम्पराओं की रक्षा करने, शांति एवं भाई चारा बनाये रखने की जिम्मेदारी भी आती है। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि, आम जनता को पत्रकारों की आवश्यकता पड़ती है तो पत्रकार बना। वकील की जरूरत होती है तो वकील बना और नेताओं की आवश्यकता होती है तो नेता बना।आप सभी पत्रकार साथियों का दुख दर्द और कठिन परिश्रम से भली-भांति परिचित हूं। पत्रकार में वह शक्ति है जिसे उठाना चाहे उठा सकता है जिसे गिराना चाहे ,गिरा सकता है। क्यों कि कलम की ताकत में दम होती है।निष्पक्ष और स्वच्छ पत्रकारिता करते हुए आगे बढ़ें। पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के तृतीय स्थापना दिवस पर सभी को बधाई देता हूं। प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य है समाज को सूचित करना, जागरूक करना और सशक्त बनाना। आम जनता,समाज के हित में अंतिम छोर तक पत्रकार काम करता है परन्तु पत्रकार साथी मुसीबत में आता है तो साथ देने वाला कोई नहीं रहता।मंच पर आसीन विधायक पुरंदर मिश्रा, श्रीमती मीनल चौबे, अमरजीत सिंह छाबड़ा से निवेदन करता हूं कि पत्रकार कल्याण महासंघ की आवाज और निवेदन को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तक अवश्य पहुंचाये और पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करायें।

सम्मान समारोह को जय प्रकाश यादव, पंडित पी के तिवारी,निशांत भाई सीईओ एम एन एस न्यूज, दिनेश नामदेव, सखाराम चौधरी संचालक गोविंद गौशाला,हनुमान नायक ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण अभय धृतलहरे जिला महासचिव महासमुन्द ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन प्रवीण खरे प्रदेश महासचिव ने किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ विवेकानंद दास ने किया। कृषि,शिक्षा,कला, संस्कृति, चिकित्सा, पत्रकारिता व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभाशाली व्यक्तिओं का सम्मान किया गया।

तृतीय स्थापना दिवस पर प्रमुख रूप से देनाक समय दर्शन के प्रधान संपादक दीपक खड़तकर,प्रबंध संपादक गोविन्द यदु ,आर बी वर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष, मनोज गोयल प्रदेश सलाहकार, इस्माइल खान प्रदेश उपाध्यक्ष, आर के दास प्रदेश सचिव,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश सिन्हा, उत्तर कौशिक, प्रदीप चौधरी, दिनेश नामदेव, सादिक रजा संभागीय प्रभारी दुर्ग, गेंद दास मानिकपुरी कार्यकारी जिलाध्यक्ष महासमुन्द,देवेन्द्र काले उपाध्यक्ष, देवराज साहू जिला सचिव,कुंजूराम रात्रे, जीवन ध्रुव,दीपक देवांगन जिलाध्यक्ष बालोद,असवन साहू जिला महासचिव बालोद, सपना माधवानी ब्लॉक अध्यक्ष गुण्डरदेही,हेमलता महंत, कल्पना महंत,पूर्णिमा महतो,अनिता चौधरी, लोचन चौहान ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा, लिलेश्वर निषाद,देव प्रधान,अरूण प्रधान, अशोक प्रधान, लिलेश्वर कोसरिया सहित पत्रकार साथी सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त-खबर

### शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**बिर्रा।** रायपुर व्दारा आयोजित माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड ने परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं में 94.64प्रतिशत रहा जिसमें मंजूश्री साहू 74.6 कौशिल्या देवांगन 73.4 टेकराम देवांगन 69.8 खुशी देवांगन 69.4मयंक कुमार 68.2 करन बंजारे 68.4 दीप्ति पटेल 67.2 विशाल बंजारे 67.6ओमिका कहार66.4पूजा कश्यप 67किरण कश्यप 65.6लीशा चद्रा 63.4 लालिमा गोड़60.2 नम्रता विश्वकर्मा 66.8 किरण मुस्कान बर्मन 61.8किरण कश्यप60.6प्र रहा इसी तरह दसवीं बोर्ड परीक्षा भी सराहनीय रहा कक्षा दशमी में 84विद्याथी शामिल हुए जिसमें परीक्षा परिणाम 94.4प्रतिशत रहा अमित कुमार कश्यप 90.5 मोहित देवांगन 88.10 रणवीर मेहरा 83.5मधुलिका कश्यप 76.5 लक्ष्मी बंजारे 75.16माही रात्रे 78.83 आंचल कुरै74.82 आदि खाण्डे 64.33 अनुष्का चौहान 67.16 अश्वन यादव 60.16प्रतिशत भावना चौहान 68.83दिव्या विश्वकर्मा 67.16हेमलता कुम्भकार 60जयप्रकाश देवांगन 72.33करन कश्यप 60.5कृष्णा पटेल 64.66मनीषा साहू 61.5नंदनी विश्वकर्मा 63.83ओमप्रकाश बंजारे 70प्रतिभा कुरै 64प्रीति मंहत 74.16साधना कश्यप 61.16सागर मांझी 75.5संध्या सहीस67.5सोनम मंहत 70.33प्रतिशत रहा है।विघालय के प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कुरै व्याख्याता राकेश साहू उमाशंकर मरकाम श्रीकांत राठौर देवनारायण चौहान सुशील नेताम श्रीमती लक्ष्मी खुंटे प्रेमलता साहू संगीता कश्यप अनिता टोप्पो ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही इसी तरह से लगन मेहनत करके अपने विघालय व नगर को गौरवान्वित करने के लिए आर्शीवाद प्रदान किया।

### कलेक्टर की बड़ी कार्यवाही: तीन जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** प्रधानमंत्री आवास योजना के सुचारू क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कलेक्टर बी. एस उइके लगातार योजना की समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही योजना में उदासीनता बरतने वालों पर कार्यवाही भी करने के निर्देश दिये है।इसी तारतम्य में पीएम आवास योजना में लापरवाही बरतने वाले जनपद सीईओ देवभोग,छुरा एवं फिंगेश्वर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। देवभोग के सीईओ रवि सोनवानी को पीएम आवास की गंभीरतापूर्वक मॉनिटरिंग नहीं किये जाने के फ्लस्वरूप बोगस जीओ टैगिंग का मामला संज्ञान में आने पर कार्यो को कर्तव्यनिष्ठा के साथ नहीं करने पर नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार सीईओ जनपद छुरा सतीश चन्द्रवंशी को पीएम आवास योजना 2.0 के सर्वेक्षण के समय मॉनिटरिंग में कमी पाये जाने के फ्लस्वरूप ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में पीएम आवास के तहत अवैध वसूली की शिकायत प्राप्त होने पर नोटिस दिया गया है।जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सीईओ स्वप्निल ध्रुव को पीएम आवास अंतर्गत कूटरचना युक्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर नोटिस दिया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस पत्र अनुसार ग्राम पंचायत बरभाठा के सचिव चेमन साहू एवं रोजगार सहायक हेमंत निषाद द्वारा पीएम आवास के तहत जॉब कार्ड में कूटरचना करते हुए अन्य व्यक्तियों को नाम पर आवास स्वीकृत किये जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी।शिकायत की जांच सीईओ फिंगेश्वर से कराई गई। किंतु उनके द्वारा आधी-अधूरी जांच करते हुए अस्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके कारण समय अवधि में शिकायत का निराकरण नहीं हो पा रहा है।उनके द्वारा अस्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सचिव एवं रोजगार सहायक का अन्यत्र स्थानांतरण का प्रस्ताव दिया गया है। इस तरह कार्यो के प्रति उदासीनता, स्वेच्छाचारिता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना पर सीईओ फिंगेश्वर को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

### सफ्ल भट्ठी विरोधी आंदोलन में सहभागी रहे ग्रामों ने असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ खोला मोर्चा

**रायपुर।** लगभग 30 वर्षों पूर्व हुये भानसोज के ख्यातिनाम सफ्ल शराबभट्ठी विरोधी आंदोलन में सहभागी रहे ग्रामों के ग्रामीणों ने असामाजिक गतिविधियों से त्रस्त हो बीते 19 मई को ग्राम टेकारी ( कुंडा ) में आयोजित समाधान शिविर में ज्ञापन सौंप असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । गांव - गांव में बिक रहे अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियों सहित हो रहे जुआ पर स्थायी रोक व लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुये भट्ठी पहुंचने वाले हर व्यक्ति को 24 पौव्वा शराब लेने की शासकीय छूट से गांव - गांव में अघोषित भट्ठी चलने व लिप्त तत्वों की जानकारी मैदानी आबकारी व पुलिस अमला को होने के बाद भी कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति किये जाने का आरोप लगाया है । ज्ञातव्य हो कि आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम भानसोज में खोले गये शासकीय ठेका प्राप्त भट्ठी के दुष्परिणामों को प्रत्यक्ष देख व भोग सन् 93 - 94 के आबकारी सत्र में पूरे साल भर तक किसान संघर्ष समिति के अगुवाई में गांधीवादी तरीके से आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों के सहयोग से आंदोलन कर भानसोज वासियों ने शराबभट्ठी बंद कराने में सफ्लता हासिल की थी ।

# विधायक कार्यालय अर्जुंदा में भारत रत्न स्व राजीव गांधी की 34 वां पुण्यतिथि मनाई



**बालोद ( समय दर्शन )।** विधायक कार्यालय अर्जुंदा में विधायक कुंवर सिंह निषाद जी की उपस्थिति एवं श्री संतु राम पटेल जी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व राजीव गांधीजी का 34 वां पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया!

देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों से दूरसंचार क्रांति की शुरुआत कर भारत को कंप्यूटर युग से परिचित कराया. राजीव गांधी के आधुनिक विचारों की छाप उनके सुधारवादी कार्यों में देखी जा सकती है. आधुनिक सोच और अद्भुत निर्णय क्षमता वाले भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी की पुण्य तिथि पर सादर नमन. विधायक ने कहा कि कुछ लोग ज़मीन पर राज करते हैं और कुछ लोग दिलों पर। मरहूम राजीव गांधी एक ऐसी शख़्सियत थे, जिन्होंने ज़मीन पर ही नहीं, बल्कि दिलों पर भी हुकूमत की। वे भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन हमारे दिलों में आज भी ज़िंदा हैं। राजीव गांधी ने उन्नीसवीं सदी में इक्कीसवीं सदी के भारत का सपना देखा था।स्वभाव से गंभीर लेकिन आधुनिक सोच और निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता वाले राजीव गांधी देश को दुनिया की उच्च तकनीकों से पूर्ण करना चाहते थे। वे बार-बार कहते थे कि भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के साथ ही उनका अन्य बड़ा मक़सद इक्कीसवीं सदी के भारत का निर्माण है। अपने इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने देश में कई क्षेत्रों में नई पहल की, जिनमें संचार क्रांति और कम्प्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं। इस अवसर पर श्रीमती मीना उमाशंकर साहू जी सदस्य जिला पंचायत बालोद, गुलशन चंद्राकर जी सदस्य जिला पंचायत बालोद, श्रीमती ललिता भूआर्य जी जनपद सदस्य, जैताराम ठाकुर जी जनपद सदस्य, अनुभव शर्मा जी उपाध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा, श्रीमती वंदना पारख पार्षद, कोजम दास टंडन पार्षद, अजय ठाकुर जी पार्षद, नुरेंद्र ठाकुर पार्षद, राजू देवांगन पार्षद, रेवाराम सिन्हा, हरीश चंद्राकर, डालम पारख, दिग्विजय ठेठवार, जितेंद्र निषाद, मंगल साहू, हरिशंकर साहू, उमाशंकर साहू, सागर साहू, राजू पारख , दिलीप देशलहरा जी, सरजू यादव , दीपेंद्र सेन उपस्थित रहे।

## दस दिनों में किसानों को चालीस करोड़ का भुगतान नहीं होने पर करेंगे चक्काजाम- रवि चंद्रवंशी



### दस दिनों में गन्ना भुगतान सहित निजीकरण के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**पंडरिया ( समय दर्शन )।** किसानों की उन्नति का प्रतीक शक्कर कारखाना आज किसानों की दुर्गति को दिखाने पर मजबूर हो गया है जिसका मुख्य कारण पंडरिया शक्कर कारखाने का मिस मैनेजमेंट है। किसान कांग्रेस के जिला प्रभारी रवि चंद्रवंशी ने बताया कि किसान लगातार अपने बेचे हुए गन्ने की भुगतान के लिए आवेदन निवेदन कर रहे हैं पर 6 माह बीत जाने के बाद भी यहाँ लगभग 40 करोड़ रुपए का भुगतान लंबित है जिसके कारण आज हमें यह महसूस हुआ कि कारखाना प्रबंधन पिछले 6 महीनों से कुम्भकर्णीय नींद पर सोई हुई है जिसको जगाना पड़ेगा तभी भुगतान होगा तो आज सारे किसान और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा थाली बजाकर, बेशरम का फूल लहराकर प्रदर्शन किया गया है आने वाले 10 दिनों में यदि भुगतान नहीं होता तो हमारे द्वारा अनिश्चित कालीन चक्का जाम किया जाएगा परन्तु जब तक किसानों को उनका भुगतान नहीं होता हम चुप नही बैठेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि हम किसानों की आवाज बनाकर उनके हक अधिकार के लिए सदैव लड़ते आये और लड़ेंगे हमारे मुखिया भूपेश बघेल ने किसानो को समृद्ध बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये पर जब से भाजपा सरकार आई है किसानों की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती ही जा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गन्ना उत्पादक किसानों सहित जिला किसान कांग्रेस प्रभारी रवि चंद्रवंशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल व पदाधिकारी, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयू आई के कार्यकर्ता सहित सैकड़ो की संख्या में आमजन शमिल रहे।

## पिछले 20 साल से मिल रहा है एक ही जवाब, वही जवाब आज भी समाधान शिविर में मिला, शासन को भेजे है प्रस्ताव

**बलराम यादव**



**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम पहड़ोंर के ग्रामीण पिछले 20 साल से महका से पहडोर सड़क मार्ग का संधारण और चौड़ीकरण का मांग कर रहे है। तात्कालिक मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के समय चली ग्राम स्वराज अभियान और अब विष्णुदेव साय के सरकार द्वारा चलाई जा रही सुशासन तिहार में ग्रामीणों को एक ही जवाब मिल रहा है। बस अधिकारी माइक से जब आवेदन की प्रगति बताते है तो यही कहते है कि शासन की भेज दिए है। लेकिन आखिर शासन प्रशासन ग्रामीणों की इस समस्या को कब सुलझाएगा इसका जवाब कोई नहीं दे पा रहा है। आज फि्र एक बार ग्रामीण मायूष होकर शिविर से वापस हुए।

पाटन विकास के ग्राम पंचायत पंहडोर के सरपंच एवं ग्रामीणों ने 20 साल पहले सड़क का संधारण एवं चौड़ीकरण की मांग किया था। महका से लेकर पहाड़ोंर तक का सड़क काफी सकरी हो गई है। साथ ही साथ जर्जर भी हो गई है। इस सड़क का संधारण एवं चौड़ीकरण करना अनिवार्य हो गया है । लेकिन अभी तक शासन प्रशासन के ध्यान इस तरफ नहीं है । जबकि 20 साल पहले भी जब भाजपा का ही डॉक्टर रमन सिंह की सरकार ने ग्राम स्वराज अभियान चलाया था तब तात्कालिक सरपंच गजेंद्र मढ़रिया ने आवेदन दिया था उसे समय जब आवेदन की प्रगति की जानकारी दी गई तो बताया गया कि शासन को भेज दिए हैं। आज भी जब वर्तमान सरपंच श्रीमती माया मढ़रिया एवं ग्रामीणों ने इस सड़क का संधारण एवं चौड़ीकरण का आवेदन सुशासन तिहार में दिए तब भी यही जवाब मिला कि शासन को भेज दिए है। जवाब सुन ग्राम पंहडोर के ग्रामीण मायूष होकर समाधान शिविर से वापस लौट गए।

ग्राम के तात्कालिक सरपंच गजेंद्र मढरिया ने बताया कि जब-जब शासन प्रशासन की महत्वपूर्ण कार्य होती है जनता के दरबार में जब शासन प्रशासन पहुंचती है तब तब सड़क संधारन, चौड़ीकरण की मांग रखते हैं। लेकिन अभी तक उक्त समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि सड़क इतनी सकरी हो गई है कि दो गाड़ी एक साथ आमने सामने हो जाए तो साइड देने में भी दिक्कत होती है। सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे भी हो गए हैं। भिलाई तीन से लगे हुए होने के कारण इस सड़क पर भी काफी लोग आना-जाना करते हैं। इसके बाद भी शासन प्रशासन सुध नहीं ले रहा है । हर बार शासन को भेज दिए हैं का जवाब सुनकर ग्रामीण मायूस हो जाते हैं। आखिर शासन प्रशासन की नींद कब खुलेगी ।

## सुबह जल्दी उठकर अपने जीवन को सूर्य की तरह आलोकित करना है प्रकाशित करना है - डॉ शरद पाटणकर




### ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में समर कैंप संपन्न

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप का समापन समारोह संपन्न हुआ । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ. शरद पाटणकर (पूर्व अध्यक्ष ढ्रूरू) उपस्थित होकर बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित बातें सुनाए तथा अपनी शुभ प्रेरणा बच्चों को दी तथा इस समर कैंप में भिन्न-भिन्न आयोजनों में विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया । आपने सभा में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में व अपने करियर में सफ्ल होना है तो रात को जल्दी सो कर सुबह जल्दी उठें कहा भी जाता है ब्रह्ममुहूर्त में उठने वालों के सफ्लता कदम चूमती है ।

ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी (संचालिका ब्रह्माकुमारीज दुर्ग ) ने बच्चों को कहा आप बच्चों को बहुत छोटा सा होमवर्क दे रहे हैं जो आपको रोज करना है आप प्रतिदिन सुबह उठने से रात को सोने तक पहले परमात्मा को अपने माता-पिता को अपने टीचर को अपने फ्रेंड्स को हर किसी को,हर बात के लिए धन्यवाद दे ,थैंक्स दे थोड़े दिन में आप देखेंगे आपके लिए सभी के मन में असीम प्यार व स्नेह की उत्पत्ति होगी आपको सभी की इतनी दुआएं मिलेगी इतनी दुआएं मिलेगी कि आपके जीवन की सभी रुकावटें खत्म हो जाएगी आपका मन सदा खुश और प्रफुल्लित रहेगा आप यह करके देखना और आप जो भी बनना चाहे वह बन जाएंगे । आपका हर संकल्प पूर्ण हो जाएगा । दुआओं में इतनी शक्ति है जो पहाड़ को भी राई बना देती है इसलिए हर एक को हर बात के लिए थैंक्स दे तो आपका दुआओं का खाता बढ़ता जाएगा। सफ्लता के सूत्र विषय पर बोलते हुए मालती दीदी ने कहा कि हमें सफ्लता मिलती है आत्मविश्वास से यदि स्वयं में निश्चय रखकर आत्मविश्वास से कोई कार्य करेंगे तो वह अवश्य ही पूर्ण होगा और हम सफ्लता को प्राप्त कर लेंगे । आपने बच्चों को मन के विषय पर बताया कि किस प्रकार हमारा अंतर्मन एक जिन्न की भांति है हम जो कहें वह मान लेता है हमारा अवचेतन मन व सबकॉन्शियस माइंड एक जिन्न की भांति कार्य करता है ।जब हम अपनी अवचेतन मन को कोई कार्य देंतें तो वह कहेगा जो हुकुम मेरे आका वह अपनी बुद्धि नहीं चलाएगा उसमें प्रोग्रामिंग है सिर्फहमारे हुक्म को मनाने कि । तो हम सदैव श्रेष्ठ विचार के उत्पत्ति करें तो पाएंगे कि हर क्षेत्र में सफ्लता को प्राप्त कर रहे हैं । इस समर कैंप में कुमारी घनिष्ठा वैष्णव ने शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया ।

## ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा बीएसएफ जवान डाकेश्वर दीवान को किया सम्मानित



**भानूप्रताप साहू**

**बालोद ( समय दर्शन )।** पंजाब बॉर्डर पर सेवा में तैनात ऑपरेशन सिंदूर के हिस्सा बने देश के असली नायक बीएसएफ जवान डाकेश्वर दीवान के अपने पैतृक ग्राम कादुल पहुंचने पर गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद फूल माला से स्वागत सम्मान किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बहन सोफिया कुरैशी कर्नल और एयरफोर्स विंग कमांडर बहन व्योमिकासिंह जी को सेल्यूट दोनों जाबाज वीर बहादुर महिलाओं को जिन्होंने इस युद्ध की घड़ी में अदम्य साहस का परिचय दिया और देश के लिये लड़ी।भारतीय सेना ने आतंकवादियों के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर अपनी वीरता और अदम्य साहस का परिचय दिया है।

जिन आतंकवादियों ने इस देश की बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उन आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर उन्हें बता दिया है कि हमारे देश की बेटियों के सिंदूर की कीमत क्या होती है।विधायक जी ने कहा कि हमारी भारतीय सेना हमारे सुरक्षा कवच की तरह हमारी रक्षा करती है। हमारे देश के सैनिक हमारी सुरक्षा के लिए अपनी जान देने से भी पीछे नही हटते। उन्होंने कि हमारे देश की सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, वह दर्शाता है कि जब तक हमारी सेना हमारी सुरक्षा कर रही है तब तक कोई हमारे देश का बाल भी बांका नही कर सकता।

# 23 शैक्षिक संगठनों ने मिलकर सरकार को दिया आंदोलन का अल्टीमेटम


### युक्तियुक्तकरण के विरोध में 28 मई को मंत्रालय घेराव

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** विसंगतिपूर्ण युक्त युक्तियुक्तकरण का पुरजोर विरोध एवं सोना साहू के तर्ज पर प्रदेश के एक लाख से अधिक शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान देने, प्रथम सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली सहित समस्त लाभ एवं प्रशिक्षितों को प्रमोशन के लिए बीएड की अनिवार्यता में छूट देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सर्व शैक्षिक संगठन के बैनर तले प्रदेश के 23 शिक्षक संगठनों ने मिलकर आज सभी संगठनों के प्रांत अध्यक्षों के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। मंत्रालय एवं संचनालय में राज्य सरकार व विभाग के उच्चाधिकारियों को ज्ञापन एवं अल्टीमेटम दिया।

सभी 23 संगठनों के प्रांत अध्यक्षों मनीष मिश्रा, केदार जैन, संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफ्र, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलूंन भरतद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरे, राजकिशोर तिवारी, कमल दास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, अनिल टोप्पो एवं धरमदास बंजारे आदि ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि राज्य सरकार की विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्राथमिक शाला में दो शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे?

2008 के सेटअप से छेड़छाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं करेंगे। केंद्र सरकार के शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 2009 में यह शिक्षा विभाग का सेटअप लागू किया गया था, जिसमें प्राथमिक शाला में न्यूनतम 60 दर्ज पर कम से कम तीन शिक्षक अर्थात एक अनुपात दो। इसी प्रकार मिडिल स्कूलों में पांच शिक्षक अर्थात एक अनुपात चार।



प्रांताध्यक्षगण केदार जैन, मनीष मिश्रा, संजय शर्मा, वीरेन्द्र दुबे, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंग एवं राजनारायण द्विवेदी ने कहा कि हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में विषय आधारित शिक्षकों के अलावा दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की वृद्धि 2009 के सेटअप अनुसार होनी चाहिए। सभी प्रांताध्यक्षों ने कहा है कि यदि प्रदेश में शिक्षकों के पद रिक्त हैं तो रिक्त पदों पर सरकार को शिक्षकों की भर्ती करनी चाहिए, लेकिन सेटअप में छेड़छाड़ कर स्कूलों से शिक्षकों की संख्या घटाना यह किसी भी सूरत में उचित नहीं है। सभी शिक्षक संगठनों ने एक स्वर में जोर देकर कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण पर सरकार यदि रोक नहीं लगाती है एवं सभी शिक्षक संगठनों की बैठक कर उनके द्वारा सुझाव लेकर अमल नहीं किया जाता है तो आगामी 28 मई को प्रदेशभर के सारे शिक्षकों द्वारा सर्व शैक्षिक संगठन अर्थात 23 शिक्षक संगठनों के साझा मंच के बैनर तले राजधानी रायपुर में उपस्थित होकर मंत्रालय महानदी भवन में अनिश्चितकालीन घेराव एवं धरना प्रदर्शन करेंगे। इस पर यदि कानून व्यवस्था बिगड़ती है, तो जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

सभी शिक्षक नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग द्वारा तरह-तरह का प्रयोग किया जा रहा है। पहले बना बनाया 2008 का सेटअप को पिछले वर्ष भी रद्द किया जा रहा था, जिसका पुरजोर विरोध करने पर इसको बंद किया गया था, लेकिन इस बार जब यह प्रक्रिया फि्र से अपनाई गई तो किसी भी शिक्षक संगठन को नहीं बुलाया गया, जबकि पिछले बार यह बात हुई थी कि नया सेटअप लागू करने से पहले सभी शिक्षक संगठनों की बैठक बुलाकर सभी से सुझाव मांगे जाएंगे एवं सभी के सहमति के आधार पर ही यह लागू किया जाएगा तो इस बार सबको बिना बुलाए एवं किसी संगठन के बगैर सहमति के यह सेटअप में बदलाव किया जा रहा, जो किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं।

## संपादकीय

### आतंक को संरक्षण नहीं

भाजपा देश भर में 'तिरंगा यात्रा' निकाल रही है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताएंगे। वे क्या बोलेंगे, यानी उनके टॉकिंग प्वाइंट्स क्या होंगे, उसका संकेत प्रधानमंत्री ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में दिया। सत्ता पक्ष को शायद अहसास है कि बीते 11 साल में पहली बार ऐसा हुआ है, जब राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कथानक उसके साथ से फिसल गया है। ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में अचानक हुए युद्धविराम पर उससे ऐसे हलकों से भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जो आम तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सत्ताधारी समूह के नजरिए से इत्तेफ़ाक रखते हैं। संभवत: इसी अहसास का नतीजा है कि अचानक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन का कार्यक्रम बना और साथ ही खबर आई कि 13 से 23 मई तक भारतीय जनता पार्टी देश भर में 'तिरंगा यात्रा' निकालेगी। इस यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता लोगों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताएंगे। वे क्या बोलेंगे, उसका संकेत प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दिया। बल्कि ये कहा जा सकता है कि उन्होंने 'तिरंगा यात्रा' में जाने वाले कार्यकर्ताओं को टॉकिंग प्वाइंट्स दिए। सार यही होगा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के सीने पर वार किया गया और वहां आतंक के ढांचे को नष्ट कर दिया गया है। इससे घबराए पाकिस्तान ने (डीजीएमओ के जरिए) जब भारत से संपर्क किया और वादा किया कि आगे वहां आतंक को संरक्षण नहीं दिया जाएगा, तब युद्धविराम के जरिए भारत ने पाकिस्तान को एक मौका दिया है। मगर ये बातें गले नहीं उतरतीं, क्योंकि दस मई के बाद से उठे कई अहम सवालों के जवाब प्रधानमंत्री के भाषण से नहीं मिले। मसलन, युद्धविराम कराने में अमेरिका की क्या भूमिका रही, क्या भारत तटस्थ स्थल पर पाकिस्तान से बातचीत के लिए राजी हुआ है, क्या साढ़े तीन तीन की कार्रवाई के दौरान भारत को लड़ाकू विमानों का नुकसान हुआ, और इस पूरे प्रकरण में- चाहे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद हो या आईएमएफ बोर्ड- भारत दुनिया में अकेला खड़ा क्यों नजर आया? प्रधानमंत्री ने कहा कि टेरर और टॉक साथ-साथ नहीं हो सकते, लेकिन लगे हाथ यह संकेत भी दिया कि भारत पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके के सवाल पर वार्ता के लिए तैयार है। तो कुल मिलाकर प्रश्न अनुत्तरित रहे। नैरेटिव का क्या होगा, यह अलग सवाल है।

### भारत के संसदीय प्रवक्ता

मकसद है कि आतंकवाद पर पाकिस्तान को बिल्कुल बेनकाब किया जाए। भारत बीते 35-37 सालों से पाकपरस्त आतंकवाद से पीड़ित है। हजारों मासूमों और बेगुनाहों की हत्याएं की जा चुकी हैं। कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन और विस्थापित होना आतंकवाद का सबसे अमानवीय उदाहरण है। मौजूदा परिदृश्य में भारत शेष विश्व को ब्रीफकरना चाहता है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' क्यों करना पड़ा? पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों और उनके महलनुमा अड्डों पर भारत को विस्फोटक प्रहार क्यों करने पड़े? आतंकियों के ठिकानों को 'मिट्टी-मलबा' कैसे किया गया? भारत सरकार की आदर्श विदेश नीति क्या है? भारत आज भी युद्ध के पक्ष में नहीं है, लेकिन आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना उसका लक्ष्य है। इन सवालों और स्पष्टीकरण के साथ भारत के 40 सांसदों के 7 प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में भेजना तय किया गया है। यह भारत की कूटनीति का एक सफल प्रयास हो सकता है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बहुत लंबी और बहुआयामी है। आतंकवाद से अमरीका, यूरोप, अरब देश, शेष विश्व भी छिला पड़ा है, जख्मी है, डरा हुआ है। जो संसदीय मंडल भेजे जा रहे हैं, वे आतंकवाद पर राष्ट्रीय नीति और भारत की एकता, अखंडता, विविधता के प्रतीक हैं। हमारे सांसद भारत की आवाज हैं, भारत के प्रवक्ता हैं। वे वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को नंगा करेंगे और सवाल भी करेंगे कि 'आतंकिस्तान' पाकिस्तान को बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का 'बेल आउट कर्ज' क्यों मिलता रहा है? विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक को भी सचेत हो जाना चाहिए। शायद अंतरराष्ट्रीय संस्थान को पाकिस्तान के यथार्थ की सम्यक जानकारी नहीं है या वैश्विक राजनीति आड़े आती है। अंतत: पाकिस्तान कर्ज का पैसा आतंकियों के पुनर्वास और हथियारों पर खर्च करता रहा है। जिन आतंकियों को बिल्कुल मिट्टी में मिला दिया गया है, उनके लिए पाकिस्तान की हुकूमत ने 1 करोड़ रुपए प्रति आतंकी, उनके परिजनों को देने का ऐलान किया है। चूंकि जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद अजहर के खानदान में 14 मौतें हुई हैं, लिहाजा उसे 14 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इस पैसे का इस्तेमाल क्या होगा? बहरहाल हमारे मकसद पर भी सवालिया निशान इसलिए लगाया जा रहा है, क्योंकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक दल अमरीका भेजना सरकार ने तय किया है। कांग्रेस की इस पर सियासी आपत्ति है। ऐसे संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में भेजना भारत सरकार का विशेषाधिकार है। 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने तब के नेता प्रतिपक्ष अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में दल संयुक्त राष्ट्र में भेजा था। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद 2008 में ऐसा ही प्रतिनिधिमंडल भेजा गया था। वे भारत की चिंताओं और सरोकार के सवाल थे। राजनीतिक दलों की परिधियां गायब कर दी गई थीं। इस बार भी यही किया गया है। जनता दल-यू, द्रमुक, एनसीपी (पवार) और शिवसेना के सांसदों को भी दल के नेतृत्व सौंपे गए हैं। कांग्रेस के तत्कालीन विदेश राज्यमंत्री सलमान खुर्शीद को इस बार भी प्रतिनिधि बनाया गया है, हालांकि वह सांसद नहीं हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रति उनकी नफरतवादी सियासत को देश जानता है। थरूर करीब तीन दशकों तक संयुक्त राष्ट्र में कार्यरत रहे हैं। वह वहां अंडर जनरल सेक्रेटरी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में वह विदेश राज्यमंत्री भी रहे हैं। अमरीका के माहौल, भाषा और कूटनीति में वह मर्मज्ञ हैं। तो फिर कांग्रेस उन्हें प्रतिनिधिमंडल में भेजना क्यों नहीं चाहती? क्या इसलिए कि वह आलाकमान के चाटुकार सांसद नहीं हैं? क्योंकि वह प्रधानमंत्री मोदी के कई निर्णयों के प्रशंसक भी रहे हैं? प्रधानमंत्री उनसे गर्मजोशी से मिलते हैं! क्या वह कभी भी राजनीतिक पाला बदल सकते हैं? थरूर इस समय विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। किसी अन्य दल ने प्रतिनिधि के नाम पर आपत्ति नहीं की है, तो कांग्रेस दाने क्यों बिखेर रही है?

# क्या अब्राहमिक भाईचारे के मुकाबले हान-हिंदू-स्लाविक भाईचारे को मजबूत कर पाएंगे जिनपिंग-मोदी-पुतिन?

**कमलेश पांडे**



भले ही विभिन्न सभ्यता-संस्कृति का सम्मिलन-संघर्ष और उनका राजनीतिक उपयोग-दुरुपयोग देश-दुनिया के लिए कोई नई बात नहीं है, लेकिन रूस-चीन के चक्रब्यूह में फंसा अमेरिका अब जो भू-राजनीतिक खेल अब्राहमिक ब्रदरहुड की आड़ में खेलने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है, वह यदि सफल होता है तो प्राचीनकाल लीन महाभारत, मध्ययुगीन धर्मयुद्ध, आधुनिक युगीन प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद एक और बड़ा युद्ध दरवाजे पर दस्तक देने वाला है।

संभव है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को ही निकट भविष्य में एक और बड़ा विस्तार मिल जाए। हाल ही में भारत के खिलाफ पाकिस्तान को उकसाने की जो उसकी पुरानी रणनीति पुन: प्रकाश में आई है, उसमें चीन-भारत ने यदि रूसी प्रभाववश आपसी समझदारी न दिखाई होती, तो अमेरिका अपने क्षुद्र चाल सफल हो जाता! इसलिए सवाल उठता है कि 卐अब्राहमिक भाईचारे के मुकाबले 卐हान-हिंदू भाईचारे को मजबूत करने में जिनपिंग-मोदी अपनी भावी भूमिका निभाएंगे, या फिर अपनी भू-राजनीतिक अदूरदर्शिता का परिचय देते हुए भावी परोक्ष अमेरिकी रणनीति के समक्ष घुटने टेक देंगे, यक्ष प्रश्न है!

कहना न होगा कि किसी भी देश या उसके मित्र राष्ट्र में सभ्यता-संस्कृति की चिंता और उन्हें पुनर्विकसित करने-करवाने वाली भविष्य की योजना, उसपर आधारित अद्यतन सोच-समझ स्पष्ट होनी चाहिए। कहने का तातपर्य यह कि ऐसे महत्वपूर्ण देशों को दूर की सोच रखनी चाहिए। इसलिए तो एक तरफ जहां अमेरिका जैसा मजबूत राष्ट्र भी भावी रूसी-चीनी-भारतीय महात्रिकोण (ब्रिक्स संगठन के रणनीतिकार पार्टनर देश) का मुकाबला करने के लिए नाटो के अलावा पाकिस्तान-सऊदी अरब-कतर तथा ईरान के साथ अपने याराना को मजबूत कर रहा है।

खास बात यह है कि अमेरिका यह सबकुछ तब कर रहा है जबकि इनमें से कुछ देशों से वह खार खाए रहता है। जैसे अमेरिका-ईरान यदि एक दूसरे के करीबी बनते हैं तो यह कितने आश्चर्य की बात होगी। अमेरिका-इजरायल यदि अब्राहमिक ब्रदरहुड के नाम पर अपने मतभेद भुला देते हैं तो यह कितने आश्चर्य की बात होगी। हालांकि, इसी प्रकार की समझदारी यदि भारत-चीन भी दिखा दें तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न देशों में भी ऐसी रणनीतिक समझदारी विकसित करवाई जा सकती है, क्योंकि सवाल सभ्यता-संस्कृति की पुनररक्षा से जुड़ा हुआ है। देखा जाए तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो हर ब्रेक के बाद बदलती कूटनीति है, वह यह स्पष्ट रूप से बतलाती है कि निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए मौकापरस्त अमेरिका निकट भविष्य में बहुत कुछ रणनीतिक फेरबदल इसलिए करने वाला है, क्योंकि रूस से भारत को तोड़ने और चीन से भारत को भिड़ाने की जो उसकी सोची समझी चाल थी, मोदी प्रशासन ने उसकी हवा निकाल दी है। दक्षिण चीन सागर से लेकर तिब्बत, कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश के अलावा पाकिस्तान-बांग्लादेश-म्यांमार जैसी थोपी हुई कूटनीतिक मुसीबतों से पार पाने की कला अब भारत सीख चुका है, वो भी बिल्कुल अपने दम पर।

यही वजह है कि हथियार लॉबी के इशारों पर थिरकने वाला अमेरिका और उसका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अबू धाबी में शेख के साथ 'अब्राहमिक फैमिली हाउस' घूमने पहुंचा है, जो कि काफी बड़ी बात है। इसलिए इसके इशारों को समझदारी पूर्वक लोगों को समझाना चाहिए। बताते चलें कि भले ही अपने पहले चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने मुसलमानों के खिलाफ तेवर दिखा कर काफी लोकप्रियता पाई थी। लेकिन 2016 में राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने जिस प्रकार से कुछ इस्लामी देशों के लोगों की आवाजाही रोकी और आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिकी सेना को झोंका, उसे नेस्तनाबूद किया, वह गौर करने वाली बात थी।

हालांकि तब भी वे सऊदी अरब और कतर पर फिदा थे, मेहरबान रहते थे। उन्होंने अपनी चतुराई से एक ओर यहूदी देश इजराइल के नेतन्याहू को साधा तो दूसरी ओर उसके धुर विरोधी सऊदी अरब और कतर को महत्व दिया। वहीं, वर्ष 2017 में राष्ट्रपति ट्रंप जब अपनी पहली विदेश यात्रा पर रियाद गए तो वह एक नए गठबंधन की शुरुआत थी। क्योंकि उन्होंने उस यात्रा में पचास से अधिक मुस्लिम देशों के नेताओं को संबोधित किया। इसप्रकार ईरान के खिलाफ साझा मोर्चा बनाने और अरब बिरादरी को नई दिशा देने की जमीन उन्होंने बनाई।

हालांकि, शेष दुनिया तब हैरान थी जब वर्ष 2020 में अमेरिकी मध्यस्थता से संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने इज़राइल के साथ ऐतिहासिक 'अब्राहमिक ब्रदरहुड समझौते' पर दस्तखत किए। बता दें कि 1979 में मिस्र और 1994 में जॉर्डन ने भी इज़राइल को कूटनीतिक मान्यता भी दी है। सम्भवतया राष्ट्रपति ट्रंप के इसी तेवर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी फिदा थे, लेकिन अपने स्वभाव के मुताबिक बहुत ही फूंक फूंक कर वो कदम रख रहे थे।

वहीं, अब मौजूदा हालात पर भी गौर फरमाइए। एक तरफ इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू फिलिस्तीनी मुसलमानों को तबाह करके गाजा से भगा दे रहे हैं। इसके बावजूद कतर, सऊदी अरब, खाड़ी देशों ने नेतन्याहू पर वरदहस्त रखे हुए डोनाल्ड ट्रंप का दिल खोल कर स्वागत किया है। ऐसा सिर्फ इसलिए कि अरब-खाड़ी देश अमेरिका से वह सब कुछ ले रहे हैं, जो उन्हें चाहिए और अमेरिका को भी वह सब कुछ दे रहे हैं, जो डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं। इस प्रकार हम आप कल्पना नहीं कर सकते हैं कि एआई के वैश्विक पैमाने के डाटा सेंटर की स्थापना से लेकर बेइंतहां अमेरिकी हथियारों की खरीद के साथ पश्चिमी सभ्यता की कसौटियों के विश्वविद्यालयों, बौद्धिक संस्थानों, मीडिया, म्यूजियम, फैशन याकि दुनिया की सॉफ्ट और हार्ड पॉवर बनने की जैसी प्लानिंग सऊदी अरब, कतर, यूएई की धुरी पर गुल खिला रही है, वह कमोबेश क्षेत्रीय व वैश्विक दीर्घकालीन उद्देश्यों में अभूतपूर्व है। कहने का अभिप्राय यह कि इनकी वित्तीय ताकत की पहले से ही एक धुरी है। ऐसे में यदि इनके साथ अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के कारण इजराइल से अरब देशों का सद्भाव बना रहा तो पृथ्वी का यह इलाका भविष्य में उस महाशक्ति क्षेत्र का पर्याय हो सकता है, जो रूस, चीन, भारत और यूरोपीय संघ में शामिल कई महत्वपूर्ण देशों को पछाड़ता हुआ सबसे आगे होगा। इसलिए इन देशों को अभी से चौकस होना होगा। एकजुटता दिखानी पड़ेगी। ऐसे में स्वाभाविक सवाल है और आप समझ-बूझ भी विकसित कर सकते हैं कि तब कतर, सऊदी अरब, अबू धाबी, दुबई आदि देशों का बड़ा प्रभाव वाला क्षेत्र कौन सा होगा? तो हम यहां पर स्पष्ट कर दें कि सबसे पहले ये दुनिया की मुस्लिम जमात के मसीहा और संरक्षक होंगे। साथ ही एशिया खासकर दक्षिण एशिया इनकी मनमाफिक कॉलोनी यानी कि दिलचस्पी वाला महत्वपूर्ण बाजार होगा। जिसमें पाकिस्तान उनकी एटमी महाशक्ति होगी और भारत पर इनका वित्तीय-आर्थिक कब्जा होगा।

ऐसा शायद इसलिए भी सम्भव हो पाएगा कि हम हिंदुओं का दिमाग छोटा और कूपमंडूक की मानसिकता वाला है। वहीं मोटामोटी अध्ययन करे तो यह स्पष्ट है कि चीन के बाद अरब-खाड़ी देशों में ही हमारा आर्थिक टेटुआ ज्यादा फंसता हुआ है। जिसकी कोई काट फिलवक्त हमारे पास नहीं है।

यही वजह है कि भारत सरकार के मातहत यह अध्ययन होना चाहिए कि भारत के शेयर बाजार से लेकर अंबानी, अडानी जैसे कथित देशी जगत सेठों ने अरब-खाड़ी देशों से कितनी पूंजी लेकर उन्हें कितना मुनाफा कमा कर दे रहे हैं या फिर ऐसा करने का वादा किया हुआ है? क्योंकि मुझे मिली यह जानकारी हैरान कर गई कि मुकेश अंबानी के रिलायंस ने रिटेल दुकानदारी के धंधे में भी कतर के सार्वभौम फंड का पैसा निवेश किया हुआ है।

कहने का तातपर्य यह कि जैसे चीन ने किया है, ठीक वैसे ही अरब-खाड़ी देशों ने भारत में अपना तंत्र बना लिया है। दो टूक शब्दों में कहें तो ये भारत के अडानी-अंबानी आदि एकाधिकारी सेठों को एजेंट बना कर उनके जरिए भारत के बाजार पर कब्जा रखने-बनाने की रणनीति में मशगूल हैं। वहीं मेरा विश्वास है कि निश्चित रूप से ये ऐसा पाकिस्तान, बांग्लादेश में भी कर रहे होंगे। क्योंकि पाकिस्तान का शरीफ घराना तो वैसे ही पूरी तरह बिकाऊ है, जैसे हमारे धंधेबाज बनिया (जाति नहीं प्रवृति) हैं।

अब पुन: मुद्दे की बात पर लौटते हैं, क्योंकि जो विषयांतर हो गया, वह आपको समझाने के लिए करना जरूरी लगा। इसलिए अब बात पते की करते हैं। वह यह कि डोनाल्ड ट्रंप, नेतन्याहू और सऊदी अरब, कतर, अबू धाबी के शेख वह कुछ भून-पका रहे हैं, जिससे यहूदी, ईसाई और इस्लाम का आपसी भाईचारा बने।

यदि आबादी पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि दुनिया की कोई 8.1 अरब लोगों की आबादी में से इन तीन धर्मों की 56 प्रतिशत आबादी में आपसी भाईचारा बन जाए तो ये वैश्विक बहुमत में होंगे। क्योंकि दुनिया में अब्राहमिक परंपराओं के आस्थावान (ईसाई 31 प्रतिशत, मुसलमान 25 प्रतिशत और यहूदी 0.2 प्रतिशत) 56 प्रतिशत से अधिक है। देखा जाए तो इन तीन धर्मों का कोई सौ से अधिक देशों में बोलबाला है। ये हथियार, तकनीक, ईंधन और वित्त के मामलों में निर्णायक स्थिति हैं, इसलिए दुनिया का रुख अपनी ओर मोड़ सकते हैं।

अब सुलगता हुआ सवाल है कि तब शेष विश्व में बाकी कौन बचता है? तो जवाब यही होगा कि हान सभ्यता के घमंड में जीने वाले चाइनीज या हिंदू सभ्यता के वसुधैव कुटुंब कम के संस्कारों में जीने वाले हम हिंदू। बाकी में स्लाविक रूसी तथा छोटे समूहों में बौद्ध, अफ्रीकी, लातीनी अमेरिका के छोटे-छोटे कबीलाई समूह हैं। इसलिए सोचनीय सवाल है क्या सचमुच यहूदी, ईसाई और मुसलमान आपसी भाईचारे में वैश्विक राजनीति की रणनीति अपना सकते हैं? तो यहां पर यह स्पष्ट करना जरूरी है कि एक ही पितृपुरुष अब्राहम के आध्यात्मिक वंश से यहूदी, ईसाई और इस्लाम जन्मे हैं। लेकिन मानव सभ्यता के इतिहास में इन तीनों के बीच ही धर्म के नाम पर सर्वाधिक खून की नदियां बही हैं।

यदि इतिहास खंगाला जाए तो यरूशलम के पत्थरों से लेकर कर्बला की रेत तक, और 9/11 से लेकर गाज़ा तक की हर त्रासदी के लिए ये तीन धर्म ही जिम्मेवार हैं। लेकिन ये धर्म क्योंकि तलवार के दम से फैले हुए हैं तो आज सबसे बड़ी जनसंख्या, प्रभाव और भूगोल पर भी कब्जा किए हुए हैं। इस लिहाज से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 2016 का एक भाषण गौरतलब है। जब वे 2017 में सऊदी अरब गए तो उन्होंने वहां पर पहुंच कर कहा कि, 'हम यहा भाषण देने नहीं बल्कि साझेदारी देने आए हैं।' फिर 2019 में पोप फ्रांसिस और काहिरा की अल-अजहर के ग्रैंड इमाम अहमद अल तायेब ने अबू धाबी में मिलकर 'मानव भाईचारे के दस्तावेज' पर दस्तखत करते हुए कहा कि, 'आस्था एक आस्थावान को दूसरों में भाई या बहन देखने की दृष्टि देती है और सहारा देने और प्रेम के लिए प्रेरित करती है'। उस दस्तावेज की पृष्ठभूमि में ही 2020 के आते-आते अब्राहमिक समझौते में यूएई, बहरीन, मोरक्को और सूडान जैसे इस्लामी देशों ने इज़राइल से हाथ मिला लिया।

फिर अबू धाबी में एक ही परिसर में मस्जिद, चर्च और यहूदी सिनेगॉग की नई इमारत अब्राहमिक फैमिली हाउस बनी। जहां एक ही परिसर में मस्जिद (इमाम अल तायेब मस्जिद), चर्च (सेंट फ्रांसिस चर्च) और सिनेगॉग (मूसा बेन मेमोन सिनेगॉग) का निर्माण भू राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और भौगोलिक महत्व का मसला है। इसके मार्फत दुनिया को यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि अब्राहम के बेटे एक छत, एक इलाके में भाईचारे से रहे हैं और रह सकते हैं, चाहे उनके बीच का इतिहास कितना भी रक्तरंजित क्यों न रहा हो।

वहीं, यह सब कुछ तब हो रहा है जब इजराइल बनाम हमास के संघर्ष में गाजा को मुसलमानों से खाली कराने की कोशिश जारी है! देखा जाए तो ट्रंप ने एक तरह से इस यात्रा में नेतन्याहू को मनमानी की छूट दिलाई है।

# भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण

**सी.पी.एस बख्शी**

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है। भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है। हज सुविधा ऐप को भारत सरकार ने 2024 में लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था। इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया। ऐप की फीडबैक-संचालित डिजाइन तीर्थयात्रा की पूरी अवधि के दौरान निरंतर सुधार की सुविधा देती है। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया। ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं। 2024 में इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है। हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं। ऐप को पेडोमीटर सुविधा के साथ संवर्धित किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके। तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके। भारतीय हज चिकित्सा दल को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है और यह मक्का एवं मदीना में हज के दौरान स्थापित क्षेत्रीय अस्पतालों तथा औषधालयों के नेटवर्क के माध्यम से तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। एम्बुलेंस का एक नेटवर्क आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ई-हेल्थ कार्ड और ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल को इस वर्ष ऐप के साथ जोड़ दिया गया है। इसका लक्ष्य तीर्थयात्रियों के लिए निर्बाध प्रवेश और उपचार सुनिश्चित करना है। इससे डॉक्टरों को उपचार के लिए उपलब्ध डेटा की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी और हज 2025 के लिए तीर्थयात्रियों को समुचित चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी। ऐप की बहुविध सराहनीय लगेज ट्रैकिंग प्रणाली को आरएफआईडी आधारित टैगिंग के साथ और उन्नत किया गया है। यह गुम हुए सामान को ट्रैक करने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा और उच्चतम स्तर की सेवा सुनिश्चित करेगा। मीना, अराफात और मुजदलिफा सहित माशाएर क्षेत्र की डिजिटल मैपिंग द्वारा हज अनुष्ठानों के नेविगेशन को बदल दिया गया है। तीर्थयात्रियों को उनके गंतव्य तक मार्गदर्शन करने और रेगिस्तान की अत्यधिक गर्मी में खो जाने के जोखिम को कम करने के लिए शिविर स्थलों की पहचान की जाती है और मानचित्र पर ट्रैक किया जाता है। नमाज अलार्म, किबला कम्पास और अस्पतालों, बस स्टॉप, सेवा केंद्रों और भारतीय मिशन कार्यालयों की स्थान-आधारित मैपिंग जैसी सुविधाएं तीर्थयात्रियों के समग्र अनुभव और सुविधा को काफी समृद्ध करती हैं। एआई द्वारा संचालित एक चैटबॉट को डिजिटल पर्सनल असिस्टेंट के रूप में शामिल किया गया है। यह चैटबॉट संवादात्मक लहजे में नियमित प्रश्नों का उत्तर देने, तत्काल सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए है। सुविधाओं का यह समग्र सेट सरकार की मंशा का संकेत है कि वह न केवल सेवा वितरण के साधन के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना चाहती है, बल्कि एक ऐसे उपकरण के रूप में भी है जो आध्यात्मिक पथ पर चलने वालों सहित सभी के लिए सम्मान, सुविधा और सक्षमता को सशक्त बनाता है। हज सुविधा ऐप 2.0 भारत के डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है और यह भारत सरकार के इस दृष्टिकोण का प्रमाण है कि शासन प्रत्येक नागरिक तक सार्थक तरीके से पहुंचे। प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, भारत तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए नए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है, जिससे अपने नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से बेहतर अनुभव मिल रहा है।

# राज्य बाल अधिकार आयोग की अध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने ली समीक्षा बैठक

### बाल श्रम रोकथाम हेतु दिए दिशा-निर्देश

**दुर्ग (समय दर्शन)।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा के नेतृत्व में 18 मई को सर्किट हाउस दुर्ग में बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संवर्धन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बाल श्रम, किशोर न्याय, बच्चों की नशे की आदतों तथा मूलभूत सुविधाओं जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श और आगामी कार्ययोजना बनाई गई। उन्होंने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए कलंक है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी विभागों को मिलकर अभियान चलाना होगा। उन्होंने 'एकल खिड़की प्रणाली' लागू करने के निर्देश दिए, जिसके तहत बाल श्रमिक पाए जाने पर उनके पुनर्वास, परिवार को रोजगार और आर्थिक सहायता जैसे कार्य त्वरित रूप से एक ही स्थान से संपादित हो सकें। उन्होंने कहा हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि तब होगी जब एक भी बाल श्रमिक ना मिलें।



रेस्क्यू के दौरान बाल श्रमिक बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखने और उनकी पारिवारिक स्थिति को समझते हुए सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया गया। साथ ही बाल श्रमिकों के पुनर्वास के साथ-साथ उनके परिवारों को स्थायी रूप से आजीविका योजनाओं से जोड़ने की बात कही गई। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी शासकीय संस्थाओं में पेयजल, बिजली, शौचालय और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। सामाजिक संगठनों के सहयोग से हाइजीन पर हल्ला बोल जैसे जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने को कहा।

# कमिश्नर ने स्वास्थ्य प्रभारी व पार्षद समेत निगम अफसरों के साथ राजीव नगर में सफाई व्यवस्था



### बड़ी नालियों के निर्माण कार्यो के प्रस्ताव तैयार करने,सड़क सीमा से बाहर अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस लेकर 24 घंटे में कार्रवाही करने निर्देश

**दुर्ग (समय दर्शन)।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत महा सफाई अभियान महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मार्गदर्शन में शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे,स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल,नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, मण्डल अध्यक्ष कमलेश फेकर के साथ राजीव नगर क्षेत्र,नया पारा,तालाब क्षेत्र सहित वार्ड के विभिन्न गलियों के वार्ड 02 का निरीक्षण किया। सड़क की सफाई व नाली/नाला की सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सड़क की सफाई व नाली सफाई कामों का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने सफाई कर्मचारियों से बात की। उनकी समस्याओं को समझा।

प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने कहा बारिश के पहले सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नालियों की नियमित सफाई करने कहा तुरंत कूड़ा कचरा को उठाने की बात कही।उन्होंने कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था करने चेताया। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। बड़ी नालियों के निर्माण कार्यो के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।सड़क सीमा से बाहर अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस लेकर कार्रवाही करने की बात कही।

# आज सायं 4:00 बजे से प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी निगम भिलाई में



**भिलाईनगर (समय दर्शन)।** शासन की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित मकानों का आबंटन किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर खुर्सीपार मेन सीवर लाईन से पूर्ण रूप से प्रभावित 18 हितग्राहियों में जो पूर्ण राशि जमा कर चुके है। उन्हे लॉटरी के माध्यम से मकान आबंटन किया जाएगा। इसी प्रकार आंशिक राशि जमा हितग्राहियों का प्रावधिक आबंटन करने स्वीकृति की प्रत्याशा में एक मुश्त तथा आंशिक अंशदान राशि जमा कराकर मोर मकान-मोर आस घटक से निर्मित मकान सामान्य वर्ग एवं दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिकजनों को मकान खुली लॉटरी पद्धति से किया जाना है।

प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, माईल स्टोन के पीछे खम्हरिया, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद एवं अन्य परियोजना स्थलों से निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का आबंटन हेतु जिला चयन समिति की बैठक में अनुमोदन पश्चात हितग्राहियों से 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कराकर 22 मई 2025 को समय दोपहर 4:00 बजे नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय के सभागार में खुली लॉटरी पद्धति से आवास आबंटन किया जाएगा। नागरिक आवश्यक दस्तावेज साथ में लाकर लॉटरी में भाग ले सकते है और मकान प्राप्त कर सकते है।

नागरिको के सहुलियत के अनुसार छोटे-छोटे स्तर पर लॉटरी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में पैसे मांगने की प्राप्त शिकायत पर मेट और रोजगार सहायक हटाये गए

### सोरिदखुर्द के सरपंच को नोटिस जारी

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में आवास प्लस 2.0 सर्वे में अवैध रूप से वसूली किये जाने संबंधी सोशल मीडिया के खबर पर जांच कर कार्यवाही किया गया है।इस संबंध में वित्तीय अनियमितता में संलिप्त रोजगार सहायक कमलेश्वरी सिन्हा एवं मेट अमित कुमार निर्मलकर को हटा दिया गया है।साथ ही ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द के सरपंच चन्द्रहास बरिहा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बी.एस.उइके ने आवास योजना में वसूली के संबंध में प्राप्त शिकायत पर गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए मामले की त्वरित जांच के निर्देश दिये थे। साथ ही मामला सही पाये जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही भी करने के निर्देश दिये थे।इसी तारतम्य में मामले की जांच कर रोजगार सहायक एवं मेट को हटाने की कार्यवाही की गई है। साथ ही सरपंच को नोटिस दिया गया है।इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा द्वारा आदेश जारी किये गये है।इस संबंध में सीईओ छुरा सतीश चन्द्रवंशी ने बताया कि 15 मई 2025 को ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में शिकायतकर्ता एवं ग्रामीणों के बीच शिकायत जाँच किया गया,जिसमें रोजगार सहायक एवं मेट को वित्तीय अनियमिता,मिली-भगत कर राशि की वसूली एवं लापरवाही करने का दोषी पाया गया।जांच में पाया गया कि सर्वे हितग्राही ओमप्रकाश सिन्हा एवं विजय ध्रुव से आवास सर्वे के लिए सौ-सौ रूपये दस्तावेज एवं ऑनलाईन फोटोकापी के नाम पर मांगा गया।मेट अमित कुमार निर्मलकर उर्फराजू द्वारा लगभग 80 सर्वे हितग्राही का सर्वे किया गया है। उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा मौखिक रूप से इनके द्वारा आवास सर्वे के नाम से राशि मांग किया जाना बताया गया।उक्त मामला सही पाये जाने पर रोजगार सहायक एवं मेट को हटाने की कार्यवाही की गई है।

# विकासखंड देवभोग के ग्राम लाटापारा में आयोजित हुआ शिविर



### हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज देवभोग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लाटापारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां लाटापारा सहित आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली।शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।सुशासन तिहार के दौरान लाटापारा क्लस्टर अंतर्गत कुल 3707 आवेदन प्राप्त हुए थे।

प्राप्त 3707 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियो ने शामिल होकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी।जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली।साथ ही शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई। उन्होंने लोगों को जल के बचाव के लिए कार्य करते हुए फसल परिवर्तन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया।इस दौरान शिविर में पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, एसडीएम तुलसीदास मरकाम,सीईओ जनपद देवभोग रवि सोनवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कश्यप ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो।

इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है।इसके अगले चरण में समाधान शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है।इसके तहत लोगों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी किया जा रहा है।जिससे लोगों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी उनके गांव के पास ही शिविर लगाकर दी जा रही है। उन्होंने लोगों से शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ उठाने की अपील की।

# स्लम क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल सुरक्षा, बाल विवाह और नशामुक्ति पर जागरूकता

**दुर्ग (समय दर्शन)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार ठगड़ा बांध पुलिस लाइन के पारा स्थित उड़िया बस्ती (स्लम क्षेत्र) में शुक्रवार शाम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आईसीपीएस, आईसीडीएस तथा एनजीओ स्टार फाउंडेशन की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। शाम 6 बजे खुले मंच पर प्रस्तुत इस नुक्कड़ नाटक में बस्तीवासियों को गुड-टच, बैड-टच की समझ, बाल विवाह की हानियां और नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। कोई बच्चा यदि श्रमिक के रूप में कार्यरत दिख रहा है या भीख मांगते हुए दिख रहा है या सड़क जैसी परिस्थितियों में मिले, ऐसे बच्चों के लिए चौबीस घण्टे टोल फ्री नम्बर 1098 पर तुरन्त सूचित करने की अपील की गई। बाल विवाह के बारे में बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। सभी को यह भी जानकारी दिया गया कि वाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। अगर कोई 21 वर्ष से कम आयु के लड़के 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता या कराता है तो उसे 02 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसकी सहायता करता है, उन्हें दण्डित किया जा सकता है तथा कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा अथवा जानबूझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है, तो उसे भी दण्डित किया जा सकता है।



## संक्षिप्त-खबर

### कोटपा एक्ट 2003 के तहत की गई चलानी कार्यवाही

**दुर्ग (समय दर्शन)।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में तम्बाकू एवं अन्य मादक पदार्थों के उपयोग के नियंत्रण एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा स्वास्थ्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत् चालानी कार्यवाही की गई। विश्वदीप हायर सेकेण्डरी स्कूल पदमनाभपुर एवं हाउसिंग बोर्ड काम्प्लेक्स दुर्ग एवं बस स्टैंड दुर्ग के आसपास पान दुकानों पर तम्बाकू, सिगरेट की बिक्री पर चालानी कार्यवाही की गई। औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यवाही अंतर्गत धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान प्रतिबंधित है। साथ ही कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है एवं 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को धूम्रपान एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। तम्बाकू उत्पादों का सेवन करते पाए जाने पर समझाइश देने के साथ-साथ नो स्मोकिंग व नाबालिग बच्चों द्वारा तम्बाकू उत्पादों पर खरीदी ब्रिकी पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए कुल 26 चालानी कार्यवाही की गई, जिसमें कुल 4310 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

### गढ़फुल्झर समाधान शिविर मे लाभान्वित हुए हितग्राही



**बसना( समय दर्शन )।** बसना विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गढ़फुल्झर में 20 मई को आयोजित समाधान शिविर में 08 दिव्यांग बच्चों को सहायक किट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बसना विधायक सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उनके साथ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, एसडीएम एम.के. खांडे, तहसीलदार ममता ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण वितरित किए गए। समग्र शिक्षा मिडिल स्कूल नौगड़ी के अमन को मिला व्हील चेयर मिडिल स्कूल दूधीपाली के समीर निषाद को मिला एमआर किट प्राथमिक शाला सकरी की कु. ऋतिका, कुमारी वेदिका दास और वेदांत दास को श्रवण यंत्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहका की कुमारी अंकिता साहा को किताब मैग्नीफायर मिडिल स्कूल साल्हेझरिया की रीता साहा को पुस्तक मैग्नीफायर विमला संडे को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा विभाग से बीईओ जे.आर. डहरिया, बीआरसी बसना पूर्णानंद मिश्रा, स्पेशल एजुकेटर अंकित कुमार, संकुल समन्वयक अरुण प्रधान, आरिफबेग, पुनीत चौहान सहित अन्य शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आगामी समाधान शिविर की घोषणा की गई, जो 23 मई को ग्राम भूकेल में आयोजित होगा। इसमें भी दिव्यांग बच्चों को सहायक किट वितरित किए जाएंगे।

### डीलरशीप दिलाने का झांसा देकर 2 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** अल्ट्राटेक कंपनी का सीमेंट डीलरशीप दिलाने का झांसा देकर 2 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयप्रकाश पटेल 48 वर्ष महादेव घाट रोड रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 98964-29387 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को अल्ट्राटेक कंपनी का सीमेंट का डिलरशीप दिलाने एवं सीमेंट भेजने का झांसा देकर 2 लाख 94 हजार रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया और सीमेंट भी नहीं भेजा। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर नवजात बच्चों का कराया गया अन्नप्राशन

### लखोली स्कूल में मैदान में समाधान शिविर आयोजित

### हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आयुष्मान, कार्ड राशन कार्ड आदि का वितरण किया गया

**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** सुशासन तिहार अंतर्गत वार्डवासियों की समस्याओं का निराकरण करने एवं उन्हें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ देने वार्डो में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। लखोली स्कूल मैदान में वार्ड नं. 28,29,30,31 व 32 के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें उपरोक्त 5 वार्डो से प्राप्त 433 आवेदन का निराकरण बताया गया। जिसमें मांग के 327 तथा शिकायत के 106 आवेदन थे। 433 में 431 आवेदन का निराकरण किया गया है शेष 2 आवेदन प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार अन्य विभाग जैसे लोक कर्म, राजस्व, पुलिस, श्रम, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास आदि विभागो में प्राप्त आवेदनों का निराकरण के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी। आगामी शिविरो के समय में परिवर्तन कर प्रात: 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किए जायेंगे।



शिविर में निगम अध्यक्ष श्री पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा, डीलेश्वर प्रसाद साहू, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, संबंधित वार्ड के पार्षद श्री अमित कुशवाह, श्रीमती न्यामत हुड्डा, श्री चन्द्रशेखर लश्करे, श्रीमती रीना ओमप्रकाश सिन्हा व श्रीमती गिरजा संतोष निर्मलकर ,संतोष साहू ,उपस्थित होकर हितग्राहियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस आदि का वितरण किया, साथ ही किशोरी बालिकाओं को नि:शुल्क सेनेटरी नैपकीन का वितरण किया गया तथा गर्भवति महिलाओं की गोद भराई कर नवजात बच्चो का अन्नप्राशन कराया। अतिथियों द्वारा विभिन्न शासकीय विभाग के स्टालो का अवलोकन कर जानकारी लिए।

समाधान शिविर को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री पारस वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय की जी सोच कि प्रदेश के व्यक्तियो को योजना का लाभ देने एवं उनकी समस्यायों का समाधान उनके ग्राम एवं वार्ड में ही करने सुशासन तिहार का आयोजन कराए।

जिसके तहत वार्डो से प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर उसका समाधान बताने अलग अलग वार्डो के लिए शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज 5 वार्डो के लिए आयोजित शिविर में सभी आवेदनों का निराकरण किया गया। 2 आवेदन प्रक्रियाधीन है, इसके अलावा अन्य विभागो ने भी प्राप्त आवेदनों का समाधान बताया तथा शासन की योजना का लाभ भी दिया गया। वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा ने कहा कि सरकार नागरिकों की समस्या का समाधान करने इस भीषण गर्मी में भी गांव एवं वार्ड में जाकर समस्या संबंधी समाधान बता शासन की योजना का लाभ दे रहे है। शासन की सोच कि नागरिकों को अपने काम के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि शिविर में नए आवेदन भी लिए जा रहे है, जिसका भी समाधान किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग एवं एमएमयू के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आधार कार्ड अपडेट किया गया।

# कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारियों ने भेदभाव के खिलाफ उठाई आवाज, विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** नेशनल फोरम ऑफ केवीके एंड एआईसीआरपी के प्रतिनिधियों ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी) रायपुर के कुलपति को एक ज्ञापन सौंपकर केवीके अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ हो रहे संस्थागत भेदभाव और संवैधानिक अधिकारों के हनन के विरोध में मजबूत आपत्ति दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि केवीके कर्मचारियों को जीवीएफ/एनपीएस जैसी बुनियादी पेंशन योजनाओं से बाहर कर दिया गया है, जबकि उनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय के अधिनियम-1987 के तहत हुई है। मेडिकल भत्ता और अन्य वैधानिक लाभ जो पहले दिए जाते थे, अचानक बंद कर दिए गए। यह श्रम कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन है। कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) को बिना किसी स्पष्टीकरण के समाप्त कर दिया गया, जिससे कर्मचारियों के करियर पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। विश्व विद्यालय के नियमों के विपरीत, केवीके कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष कर दी गई, जबकि अन्य विभागों में यह 62-65 वर्ष है। पेंशन, ग्रेच्युटी और मेडिकल सुविधाओं जैसे मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है।




कर्मचारियों के मुख्य मांगों में जीपीएस/एनपीएस, मेडिकल भत्ते और सीएएस योजना की तत्काल बहाली, विश्व विद्यालय के अन्य कर्मचारियों के समान सेवा शर्तें एवं समान दर्जा, सेवानिवृत्ति आयु को नियमानुसार 62 (गैर-तकनीकी) और 65 (तकनीकी) वर्ष किया जाए। केवीके को विश्व विद्यालय की विस्तार इकाई का आधिकारिक दर्जा दिया जाए।

नेशनल फोरम ने स्पष्ट किया कि यदि 30 दिनों के भीतर इन मुद्दों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो केवीके कर्मचारी राज्य एवं राष्ट्रव्यापी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिसकी नैतिक जिम्मेदारी विश्व विद्यालय प्रशासन की होगी। इसे छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री, आईसीएआर और अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है।

## संक्षिप्त-खबर

### छ ग प्रदेश गाड़ा समाज कौड़िया परिक्षेत्र के सामुदायिक भवन के लिए द्वारिकाधीश यादव ने स्वीकृत किए 10 लाख की राशि



**बागबाहरा( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश गाड़ा समाज कौड़िया परिक्षेत्र अंतर्गत भूरकोनी में गाड़ा समाज के सामुदायिक भवन के लिए खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने विधायक मद से 10 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है ।

बीते दिनों भुरकोनी में एक सामाजिक बैठक में कौड़िया परिक्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल ने एक दिवसीय आवश्यक बैठक आयोजित कर गाड़ा समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग शासन प्रशासन से करने पर सहमति बनी ।

सामाजिक भवन के अभाव में सामाजिक बैठकों एवं विभिन्न आयोजन व सामाजिक गतिविधियों के संचालन मे दिक्कतों का सामना करना पड रहा है । सामुदायिक भवन की मांग को लेकर पिथौरा व भुरकोनी के अध्यक्ष यदुनाथ चौहान, उपाध्यक्ष बसंत कुमार क्षेत्रपाल, कोषाध्यक्ष रामरतन चौहान,सचिव छबिलाल बघेल,मीडिया प्रभारी लोचन चौहान,जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सोनवानी, खीरराम जगत, मनोज कुमार चौहान, देवनारायण सोनवानी, नोहर ताण्डी, यादराम चौहान, उपस्थित रहे। सभी सामाजिक पदाधिकारीयों ने सामाजिक उत्थान में अपनी भूमिका को और सुदृढ़ करते हुए खल्लारी विधायक से तत्काल मिलकर राशि स्वीकृत कराने के लिए उनके बागबाहरा निवास में मुलाकात कर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृती हेतु एक सामुहिक मांग पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें विधायक ने सहृदय पूर्वक सामाजिक भवन हेतु 10 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

### साइबर क्राइम, नशा मुक्ति, महिला अपराध एवं यातायात संबंधी जानकारी के साथ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**महासमुन्द ( समय दर्शन )।** महासमुंद पुलिस के द्वारा ग्राम वासियों को साइबर क्राइम, नशा मुक्ति, महिला संबंधित अपराध एवं यातायात संबंधी जानकारी देकर जागरूकता अभियान चलाया गया ।

नशा मुक्ति हेतु नेशनल नशा मुक्ति हेल्प लाईन नंबर 14446 एवं मानस हेल्प लाईन नंबर 1933 पर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में टोल फ्री नंबरों का किया गया प्रचार । महासमुंद पुलिस टीम के द्वारा ग्राम सिंघरूपाली थाना पटेवा, ग्राम सुनसुनिया थाना बागबाहरा, ग्राम कोमाखान साप्ताहिक बाजार में थाना कोमाखान, ग्राम भतकुंडा थाना सांकरा, ग्राम शिकारी पाली थाना तेन्दुकोना, ग्राम बगाइजोर थाना सरायपाली, ग्राम झिलमिला थाना सरायपाली, ग्राम लिलेश्वर चौकी बुंदेली, ग्राम बरेकेल खुर्द थाना पिथौरा, ग्राम बोईरलामी चौकी बुंदेली, ग्राम भालुकोना चौकी टूहुलू ग्राम छूईपाली थाना सिंघोड़ा, ग्राम पंचायत भिथीडीह थाना पिथौरा में यातायात महासमुंद,महिला सेल महासमुंद द्वारा साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा नशामुक्ति, महिला संबंधी सुरक्षा एवं डायल 112 की जानकारी दिया गया । महासमुंद जिले के समस्त ग्रामों व क्षेत्रो में लगातार जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पुलिस टीम के द्वारा नागरिकों को साइबर हैकर्स से बचने के उपाय बताए गए । कोई भी अनजान व्यक्ति अगर फोन करके ओटीपी पूछता है तो ओटीपी न बताएं। किसी भी लिंक को क्लिक न करें। कोई भी अनजान व्यक्ति फोन करके यह कहे कि आपके नाम से स्न्ढ्ढक्र हो गया है, आपको जेल जाने से बचने के लिए आपको पैसा देना पड़ेगा,या आपका कोई परिजन हॉस्पिटल में एडमिट है, तो किसी भी प्रकार से कोई फोन पे,गूगल पे के माध्यम से पैसा ना भेजने का हिदायत दिया गया।

# सीबीएसई 12वी बोर्ड के मेघावी छात्र विराज यादव का सम्मान



**पाटन ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ राज ठेठवार यादव समाज भिलाई नगर युवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सीबीएसई 12ह्व्द्ध बोर्ड परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले श्री प्रमोद यादव एवं श्रीमती किरण यादव के सुपुत्र प्रतिभावान छात्र एवं ठेठवार समाज गौरव विराज यादव को उनके निवास स्थान पर शाल, श्रीफल ,मोमेंटो नोटबुक, कलम, गमछा एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर मुंह मीठा कर सम्मान किया गया। चर्चा के दौरान पिता श्री प्रमोद यादव ने बताया कि उनका पुत्र शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है तथा पढ़ाई के लिए कभी फोर्स करने की आवश्यकता नहीं पड़ी 10ह्व्द्ध सीबीएसई में भी 95.4त्न अंकों से प्रावीण्य में रहा उनके भैया श्री प्रखर यादव ने बताया कि भाई जेईई मैन्स में अच्छे रैंक पर हैं एन आई आई टी में सी.एस. ब्रांच में करने के इच्छुक हैं आईआईटी एग्जाम में भी उम्मीद है पर अभी रिजल्ट नहीं आया हैं आई टी सेक्टर में इंटेरेस्ट है एवं बास्केटबॉल उनकी हॉबी है

मेधावी छात्र विराज ने अपनी सफलता का मूल मंत्र सोशल मीडिया, मोबाइल, टीवी, सिनेमा से दूर रहकर प्रतिदिन 6 घंटे स्व अध्ययन वह मार्गदर्शक शिक्षक श्री लोकेश सर (गणित), श्री राहुल दुबे (गणित )श्री अभिमन्यु सर एवं श्री धीरेंद्र सर (आईआईटीयंस)एवं माता-पिता का पूर्ण सहयोग और आशीर्वाद को श्रेय दिया

उक्त अवसर पर (युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष) श्री सत्येंद्र यादव (वरिष्ठ महासचिव )श्री बिरेन्द्र कुमार यदु (युवा प्रकोष्ठ महासचिव) श्री सूर्यकांत यादव (कोषाध्यक्ष )श्री राजू यादव (प्रचार मंत्री) श्री जयेंद्र यादव (संगठन मंत्री) श्री आशीष यादव (पूर्व अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ )श्री प्रवीण यदु ने उज्जवल भविष्य की कामना की उनकी दादी श्रीमती शांति बाई एवं दादाजी स्वर्गीय हरिराम यादव जी टेकापार बालोद से है।

# धान खरीदी केंद्रों में गबन मामले में प्रशासन हुई सख्त

### बहुचर्चित अमरकोट धान उपार्जन केंद्र में धान गड़बड़ी मामले में तीन निलंबित, एफआई आर के निर्देश

### उपार्जन केंद्र प्रभारी कार्तिकेश्वर यादव, बारदाना प्रभारी तेजराम पटेल,ऑपरेटर राजेंद्र पटेल हुए निलंबित

**नृपनिधी पाण्डेय**



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** धान उपार्जन केंद्रों में की गई गड़बड़ियों के राज अब धीरे-धीरे खुलने लगे हैं ताजा मामला अमरकोट स्थित धान उपार्जन केंद्र का है जहां पर भारी अनियमितता पाई गई है। प्रतिवेदन के अनुसार केंद्र में भौतिक सत्यापन के दौरान 11416 बोरी धान कम पाया गया, जिसका वजन मानक अनुसार 5348.68 क्विंटल है। जिसकी राशि प्रति क्विंटल 3100 रुपए के आधार पर एक करोड़ 65 लाख 80 हजार 908 रुपए होता है।

जांच दल में खाद्य निरीक्षक, सहकारी निरीक्षक एवं शाखा प्रबंधक शामिल थे, जिन्होंने अपने प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया है कि उक्त गड़बड़ी के लिए धान उपार्जन केंद्र प्रभारी कार्तिकेश्वर यादव, बारदाना प्रभारी तेजराम पटेल तथा कंप्यूटर ऑपरेटर राजेन्द्र पटेल संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर ने धान खरीदी नीति खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के कंडिका 15.9 तथा त्रिपक्षीय अनुबंध की कंडिका 12.8 एवं 12.11 के तहत कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जारी आदेश में संबंधित कर्मचारियों को निलंबित कर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि संबंधित अधिकारी समय पर उचित कार्रवाई नहीं करते हैं, तो यह माना जाएगा कि निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण में लापरवाही हुई है। ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजा जाएगा।

# अतिक्रमण हटाने में स्वास्थ्य विभाग, पंचायत और राजस्व विभाग हो है असहाय



### पाटन ब्लॉक के तरीघाट का मामला

**बलराम यादव**

**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम तरीघाट में अतिक्रमण का मामला एक बार फिर जोर पकड़ने लगा है। यहां पर 6 बिस्तर शासकीय अस्पताल के सामने गांव के दो लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। इससे अस्पताल की सुंदरता पर ग्रहण तो लगा ही है वही मरीजों को अस्पताल जाने के लिए दूसरे रास्ता का उपयोग करना पड़ता है। जबकि अस्पताल के सामने से अतिक्रमण हटाया जाएगा तो मरीजों के साथ आम जनता को राहत मिलेगी।

ग्राम तरीघाट में लगातार अतिक्रमण का मामला सामने आ रहा है। पूर्व सरपंच अशोक साहू ने कई बार इसकी शिकायत राजस्व विभाग से किया गया। जिसके बाद जांच भी हुई। मामला कोर्ट तक भी पहुंचा। वहीं पूर्व सरपंच अशोक साहू ने बताया के उनके द्वारा अतिक्रमण हटवाने प्रयास किया गया तो उल्टा उसके ही जमीन को राजस्व विभाग ने नपवा दिया। जिसके बाद गांव में और आक्रोश बढ़ गया। ग्रामीणों ने मांग किया है कि अस्पताल के आसपास जो अतिक्रमण हुआ है उसे जनहित को देखते हुए तत्काल हटाया जाए।

### स्वास्थ्य, राजस्व और पंचायत विभाग असहाय

तरीघाट में अस्पताल के आसपास अतिक्रमण होने से काफी परेशानी बढ़ गई है। इस अतिक्रमण को हटाने में स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग का पसीना छूट गया है । शिकायत करते-करते तात्कालिक सरपंच अशोक साहू का कार्यकाल भी समाप्त हो गया लेकिन अभी तक अतिक्रमण नहीं हट पाया। वहीं अब ग्रामीणों को नए सरपंच से उम्मीद है कि वह सरकारी अस्पताल के आसपास से अतिक्रमण हटाए जिससे कि रास्ता सुगम हो सके।

# घोघरा पंचायत में नव निर्वाचित सरपंच सुनीता साहू को 3 महीने बाद भी नहीं मिला प्रभार

### सचिव के खिलाफ अधिकारी नहीं कर पा रहे हैं कार्यवाही

### छत्तीसगढ़ सरकार पूरे प्रदेश में बडे जोर-शोर से मना रही है सु-शासन तिहार



**पिथौरा( समय दर्शन )।** इस तिहार के माध्यम से जगह-जगह समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है । इधर पिथौरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत घोघरा में नव निर्वाचित महिला सरपंच सुनीता साहू को अभी तक पंचायत का कोई प्रभार नहीं मिला है। ग्राम पंचायत घोघरा की वर्तमान सरपंच सुनीता साहू ने कलेक्टर महासमुंद, सीईओ जनपद पंचायत पिथौरा को लिखित आवेदन दे कर प्रभार दिलाने की मांग की है। 20 फरवरी 2025 को चुनाव परिणाम की घोषणा होने व सरपंच के पद पर उनके चुनाव जीतने के बाद सचिव आत्माराम साहू के द्वारा आज तक उन्हें प्रभार नही सौंपा गया है। उक्त संबंध में पिथौरा जनपद सीईओ चन्द्रप्रकाश मनहर के द्वारा घोघरा पंचायत के सचिव आत्माराम साहू को दिनांक 25/04/2025 को पत्र जारी कर 24 घंटे के भीतर पूर्व कार्यकाल में संधारित किये गये सम्पूर्ण अभिलेख के साथ प्रभार देने हेतु कहा गया था, उसके बाद भी सचिव आत्माराम साहू के द्वारा नव निर्वाचित महिला सरपंच सुनीता साहू को आजतक प्रभार नहीं दिया गया है । सचिव के खिलाफ कार्यवाही के नाम से एक पत्र जारी कर केवल खाना पूर्ति किया गया है।

पंचायत में प्रभार नहीं मिलने के कारण कई महत्वपूर्ण विकास कार्य रुक गए हैं। ग्राम पंचायत के नागरिकों के आवास, पेंशन और मजदूरी जैसे जरूरी कार्यों में कठिनाई आ रही है। इस स्थिति ने ग्रामवासियों को चिंता में डाल दिया है, क्योंकि ये कार्य जन मानस के जीवन और भरण-पोषण से जुड़े हुए हैं।

निर्वाचित सरपंच सुनीता साहू ने बताया कि जिला सीईओ एस आलोक एवं जनपद सीईओ सीपी मनहर के द्वारा उन्हें प्रभार दिलाने तथा सचिव आत्माराम साहू के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु दी गई आश्वासन झुठा साबित हो रहा है।

भले ही इधर राज्य में मौजुदा सरकार सु-शासन तिहार पूरे राज्य में जोर-शोर से मना रहा है । गांव-गांव में समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्या सुनी जा रही है । लेकिन घोघरा पंचायत में स्वयं सरपंच सुनीता साहू की समस्या ज्यों के त्यों बनी हुई है। आपको बता दें कि,उक्त मामले में जनपद पंचायत पिथौरा में पदस्थ एक अधिकारी को दिनांक 18/04/2025 को जांच के लिए ग्राम पंचायत घोघरा भेजा गया था। जांच के समय पंचायत में मौजुद समस्त पंचों के द्वारा साफ-साफ बताया गया कि सचिव आत्माराम साहू के द्वारा पूर्व कार्यकाल के किसी प्रकार की अभिलेख प्रस्तुत नहीं की जा रही है।

सचिव आत्माराम साहू ने अपने कथन में स्वीकार भी किया है कि कुछ दिन के बाद पूर्व कार्यकाल के समस्त मूल अभिलेख प्रस्तुत करेगा । उसके बाद भी जांच अधिकारी के द्वारा एक गोल-मोल जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सचिव आत्माराम साहू को क्लिनचिट दी गई है । और कहा गया है की सरपंच सचिव के बीच आपसी तालमेल का अभाव है। जबकी निर्वाचित सरपंच सुनीता साहू के बताये अनुसार पंचायत में पूर्व कार्यकाल के किसी भी रिकार्ड मौजुद नहीं है । उसके बाद भी सचिव आत्माराम साहू के खिलाफ कार्यवाही करने में अधिकारियों के पसीने छुट रहे हैं।

### फेसबुक पर अश्लील वीडियो व मैसेज पोस्ट करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरतार

**कोरबा।** प्रार्थीया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक सप्ताह पूर्व अनजान व्यक्ति के द्वारा अपने फेसबुक आईडी जिसका नाम सरजपाल है से प्रार्थिया को अश्लील मैसेज व अश्लील वीडियो भेजा गया। प्रार्थिया के जवाब नहीं देने पर और भी परेशान कर रहा है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन रामपुर में अपराध क्रमांक 299/2025 धारा 67,67 (ए) आईटीएक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। थाना सिविल लाइन पुलिस के द्वारा विवेचना के दौरान प्रार्थिया एवं गवाहों का कथन लिया गया। प्रार्थिया अपने कथन में बताई कि दिनांक 11.05.2025 से दिनांक 17.05.2025 तक सरजपाल नामक व्यक्ति के द्वारा अपने फेसबुक मैंसेंजर से मेरे फेसबुक मैसेंजर पर दिनांक 11.05.2025 की रात्रि में अश्लील वीडियो मैसेज किया गया है।

# सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत ससहा के समाधान शिविर में शामिल हुए वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री चौधरी

### संवाद से समाधान की ओर, जन सेवा को समर्पित है सुशासन तिहार - ओ.पी.चौधरी

### ग्राम पंचायत ससहा में आयोजित शिविर में शत प्रतिशत आवेदनों का हुआ समाधान

**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत ससहा में आयोजित समाधान शिविर में आज वित्त एवं वाणिज्यिकर, आवास एवं पर्यावरण, योजना तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी शामिल हुए। ग्राम ससहा के मेला स्थल में ग्राम भिलौनी, ससहा, कोसीर, डोंगाकोहरौद, धनगांव, मेकरी, हिर्री, सिर्री, मुड़पार, खरखोद, चुरतेला, भूईगांव कुल 12 पंचायतों को शामिल करते हुए समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर में आज मांग और शिकायत के प्राप्त 3965 आवेदनों का विभागवार शत प्रतिशत निराकरण किया गया। इस अवसर पर सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरि, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व



विधायक श्री अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे, श्रीमती प्रीति अजय दिव्य, जनपद पंचायत पामगढ़ अध्यक्ष श्रीमती रंजना मानस जांगड़े, श्री गुलाब सिंह चंदेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक श्री विजय पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे भी उपस्थित थे।

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो का अवलोकन कर अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने समाधान शिविर में अन्नप्राशन एवं गर्भवती माताओं को गोदभराई तथा शिशुवती माताओं को पोषण आहार वितरण किया। साथ ही हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी, मोटराईज्ड ट्राई सायकल, वय वंदन कार्ड एवं ॠण पुस्तिका सहित हितग्राहीमूलक सामग्री का भी वितरण किया।

प्रभारी मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जांजगीर-चांपा जिला आना मेरे लिए हमेशा खुशी की बात रहती है। पूर्व में यहां सीईओ जिला पंचायत व कलेक्टर के रूप में कार्य करने का अवसर मिला था जिससे यह जिला मुझे मेरे गृह जिला के सामान लगता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तीन चरणों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सहित अन्य मंत्रीगण, विधायकगण एवं जनप्रतिनिधि विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ले रहे है एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे हैं एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहें है। साथ उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं की विस्तृत जानकारी दी ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा हम राज्य के समग्र विकास के संकल्पित है और निरंतर कार्यरत है। उन्होंने घोषणा की ग्राम पंचायत ससहा में 20 लाख रुपये तक की किसी भी विकास कार्य को 24 घंटे के भीतर स्वीकृत किया जाएगा। उन्होंने शिविर में उपस्थित महिलाओं से पूछा कि क्या उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है।

# खबर-खास

## सुशासन तिहार, अटल पोर्टल, और शासकीय योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा



**महासमुन्द( समय दर्शन )।** महासमुन्द कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बीते दान 5:30 बजे से देर शाम तक जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित कर विभागीय कार्यों की प्रगति तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, आशीष कर्मा एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक के दौरान सुशासन तिहार की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्देशित किया कि, सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण 31 मई 2025 तक सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हाल ही में महासमुंद प्रवास के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन हेतु सभी अधिकारियों को त्वरित एवं सक्रिय कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर आदिवासी विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, पीएचई, पीएम श्री स्कूल, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत विभिन्न विभागों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने औसत या निम्न स्थिति वाले विभागों को शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर दर्ज आंकड़े ही प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता और कार्यकुशलता का आधार हैं, इसलिए किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मालवाहक वाहन पिकअप में सवारी लेकर जाने पर की गई कार्यवाही

### यातायात पुलिस दंतेवाड़ा की यातायात नियम जागरूकता हेतु एक अनोखी पहल!

### यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब व जरबेरा का फूल देकर प्रोत्साहित किया जा रहा



**दन्तेवाड़ा ( समय दर्शन )।** दन्तेवाड़ा में सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने व यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से समझाईश देने व चालानी कार्यवाही करने के बावजूद यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालकों पर यातायात प्रभारी निरीक्षक-प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में एक ओर लगातार समझाईश देते हुए चालानी कार्यवाही की जा रही है। वहीं दूसरी ओर आम पब्लिक में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए आज यातायात नियमों का पालन करने वाले दो-पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को जो *हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के साथ साथ वाहन से सम्बंधित सभी दस्तावेज रखने वाले सभी वाहन चालकों को आज सुबह से 6.00 बजे से ही कारली चौक में करीब 150 वाहन चालकों को गुलाब व जरबेरा का फूल देकर सम्मान व प्रोत्साहित किया जा रहा है!

इसी तारतम्य में बुधवार को भी पुनः कारली में वाहन चेकिंग की कार्यवाही किया गया। जिसमें 01 मालवाहक वाहन पिकअप पर सवारी ले जाने वाले, अवैध तरीके से स्थ्वष्ठ लाइट लगाने वाले सभी 15 बड़ी वाहनों और 05 बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले कुल 21 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 22500/00 (बाईस हजार पांच सौ रूपये ) का समन शुल्क वसूल किया जाकर भारी मात्रा में एलईडी लाइट जप्त किया गया है। रोजाना की तरह आज भी एलईडी लाइट न लगाने/सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने/ शराब सेवन कर वाहन न चलाने/बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने/मालवाहक वाहनों पर सवारी न ले जाने तथा नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने न देने के संबंध में समझाईश दिया गया।

# प्री बीएड तथा प्री डीएलएड परीक्षा की तैयारी के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित



**जांजगीर-चांपा।** प्री बीएड एवं प्री डीएलएड परीक्षा के समन्वय केंद्र शासकीय ठाकुर छेदीलाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर में परीक्षा में संलग्न समस्त केंद्राध्यक्षों, जिला प्रशासन तथा समन्वय केंद्र द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. आर. लहरें द्वारा इस परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु व्यापम के महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों को सूक्ष्मता से उल्लेखित करते हुए तथा समस्त केंद्रों में इसके अनुपालन को सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। समस्त केंद्रों में परीक्षार्थियों हेतु बैठक व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश तथा पेय जल की व्यवस्था एवं अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने भी निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थियों को मूल पहचान पत्र द्वारा जांच के पश्चात ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश तथा समस्त कक्षों में वीडियोग्राफी कराने जैसे महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए।

परीक्षार्थियों को सूचित हो कि वे परीक्षा केंद्र में प्रथम पाली में 10 बजे तथा द्वितीय पाली में 2 बजे तक ही प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे, इसके पश्चात प्रवेश वर्जित है। साथ ही उन्हें अपना मूल पहचान पत्र आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस अथवा अन्य परिचय पत्र की मूल प्रति लाना आवश्यक है, इसके अभाव में परीक्षार्थी प्रवेश प्राप्त नहीं कर सकेंगे। प्रशिक्षण में सहायक समन्वयक डॉ. एस.के. मधुकर, डॉ. पी के सिंह, डॉ. एम आर बंजारे, डॉ. आर जी खूंटे, प्रो. नरेश कुमार

# बिना आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र के बच्चों को देना होगा प्रवेश : क्रिष्टोफर पॉल



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने स्कूलों में प्रवेश हेतु आधार कार्ड की बाध्यता को समाप्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि स्कूलों को बच्चों से आधार कार्ड मांगना अनिवार्य नहीं है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने स्कूलों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह बच्चों के दाखिले के लिए आधार नहीं मांग सकते है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने कहा कि एनरोलमेंट के समय बच्चों से आधार कार्ड की मांग करना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन। वहीं शिक्षा का अधिकार कानून में जन्म प्रमाण नहीं होने पर पालक को स्व-सत्यापित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की छुट दिया गया है, ताकि बच्चों को स्कूल में प्रवेश लेने से वंचित नही किया जावे। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग को पत्र लिखकर यह जानकारी दिया गया है कि जिले के सरकारी स्कूलों में बिना आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र के बच्चों को प्रवेश से वंचित किया जा रहा है, और ऐसे मनमानी करने वाले स्कूलों के शिक्षकों-शिक्षिकाओं और प्राचार्यो को राजनांदगांव जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल संरक्षण दे रहे है। बिना आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र के उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश से वंचित किया जा रहा है, उन्हें आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने निर्देशित किया जा रहा है, बिना उसके उनके बच्चों को स्कूलों में प्रवेश नही दिया जा रहा है। इस भीषण गर्मी में पालकों को अनावश्यक परेशान होना पड़ रहा है। श्री पॉल से ऐसे शिक्षकों और प्राचार्यो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग भी किया है, क्योंकि उनका कहना है कि पीड़ित पालक दुखी और व्यथीत है, क्योंकि उनके बच्चों को आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण उनके आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जा रहा है।

## जिले में सपोर्ट पर्सन हेतु आवेदन 28 मई तक आमंत्रित

**कोरबा।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 एवं नियम 2020 के प्रावधानों एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 39 के अधीन सहायक व्यक्तियों के संदर्भ में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मॉडल गाईडलाईन के क्रियान्वयन हेतु जिले में सपोर्ट पर्सन (सहायक व्यक्ति) का इम्पैनलमेंट हेतु चाही गई। शैक्षणिक योग्यता एवं अनिवार्य अनुभव इस प्रकार है - व्यक्तिगत आवेदन की स्थिति में, आवेदक के पास समाज कार्य या समाज शास्त्र या मनोविज्ञान या बाल विकास विषय में स्नातकोत्तर डिग्री या बाल शिक्षा और विकास या संरक्षण के क्षेत्र में न्यूनतम 03 वर्ष के अनुभव के साथ स्तानक डिग्री हो।


**!! न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.!!**

**// ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बेदराम पिता स्व. दुखुराम निवासी बोरेन्दा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे दादी लीला बाई पति स्व. बौदाराम का मृत्यु दिनांक 05-04-2014 को ग्राम बोरेन्दा प.ह.न. 40 तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक बेदराम पिता स्व. दुखुराम निवासी बोरेन्दा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/05/2025 को जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दंडाधिकारी
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)



**!! न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.!!**

**// ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक केवलराम यादव पिता स्व. लोचन यादव निवासी आमापेन्ड्री तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे पिता लोचन यादव पिता दुखवाराम यादव का मृत्यु दिनांक 30-11-2024 को ग्राम आमापेन्ड्री प.ह.न. 19 तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक केवलराम यादव पिता स्व. लोचन यादव निवासी आमापेन्ड्री तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 30/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/05/2025 को जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दंडाधिकारी
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)


## व्याख्याता लक्ष्मी नारायण राजवाडे बर्खास्त

**कोरबा।** व्याख्याता (एल.बी.) शासकीय हाई स्कूल लवेद, विकास खण्ड करतला श्री लक्ष्मी नारायण राजवाडे को फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी करने की पुष्टि हो जाने के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा ने यह कार्रवाई की है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 14.05.2025

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 03.06.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 49/दुर्ग(दुर्ग.)/2025 | जिला दुर्ग (वि.ख. धमधा) के अंतर्गत ग्राम मलपुरीकला में शास. हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 67.00 |
| 50/दुर्ग(बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग, गुण्डरदेही के अंतर्गत ओड़ारसकरी में शास. हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 67.91 |
| 51/दुर्ग(बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 01 बालोद के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 52/दुर्ग(राज.)/2025 | आई.टी.आई. भवन डोंगरगांव में निर्माण/रिनोवेशन कार्य | 16.21 |
| 53/दुर्ग(राज.)/2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 99.93 |
| 54/दुर्ग(राज.)/2025 | न्यू सिविल लाईन, राजनांदगांव स्थित आवासगृह एफ जे 1 में बाऊण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य | 11.73 |
| 55/दुर्ग(राज.)/2025 | आई.टी.आई. भवन राजनांदगांव में रिनोवेशन कार्य | 49.33 |
| 56/दुर्ग(खैरागढ़)/2025 | उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई का कार्य | 25.00 |
| 57/दुर्ग(खैरागढ)/2025 | उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू का कार्य | 40.00 |
| 58/दुर्ग(मो.-मान.-अं. चौकी)/2025 | उपसंभाग अं.चौकी के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 50.00 |

टीप

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-252600988/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग, मंडल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876



**!! न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.!!**

**// ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक दुलेश्वर सिंह ठाकुर पिता लतेलूराम ठाकुर निवासी भिरई तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरी बुआ सुखम पति स्व. होरीलाल का मृत्यु दिनांक 22.07.2011 को ग्राम अकतई एम प.ह.न. 55 तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक दुलेश्वर सिंह ठाकुर पिता लतेलूराम ठाकुर निवासी भिरई तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 02/06/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/05/2025 को जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार पाटन,
जिला-दुर्ग (छ.ग.)



**!! न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.!!**

**// ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बेदराम पिता स्व. दुखुराम निवासी बोरेन्दा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे पिता दुखुराम पिता स्व. बौदाराम का मृत्यु दिनांक 23-03-2025 को ग्राम बोरेन्दा प.ह.न. 40 तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक बेदराम पिता स्व. दुखुराम निवासी बोरेन्दा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/05/2025 को जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दंडाधिकारी
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)



**नाम परिवर्तन**

मैं सुनील कुमार सिंगौर पिता श्री शंकर लाल सिंगौर, उम्र 43 वर्ष, निवासी क्वाटर नं- 29/बी (टी.एस.) एवेन्यू ए सेक्टर- 07, सिविक सेंटर भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) , मेरे पुत्र अदविक सिंगौर (**Advik Singore**), का जन्म तिथि 15/12/2015 है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे पुत्र के नाम जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ है जिसमें उसका नाम अदविक सिंगौर (**Advik Singore**), दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरा पुत्र के स्कूल रिकार्ड एवं स्कूल अंकसूची पर उसका नाम अदविक सिंगौर (**Advik Singore**), दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में अवि सिंगौर (**Avi Singore**), दर्ज है जो कि गलत है। मेरा पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम अदविक सिंगौर (**Advik Singore**), है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे पुत्र के आगे सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्थान के दस्तावेज पर उसका सही एवं वास्तविक नाम अदविक सिंगौर (**Advik Singore**), दर्ज किया जावें।

शासकीय गजट प्रकाशन पर मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम अदविक सिंगौर (**Advik Singore**), दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता



# कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

## नामांतरण सूचना विज्ञप्ति क्रमांक 07 वर्ष 2025-26

**सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के अंतर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों के उनके नाम के सामने भुमि भवन स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन किया है।**

**संबंधित हित वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

| क्र. | ना.प्र.क्र. | क्रेता का नाम | विक्रेता का नाम | वार्ड क्रमांक | नाम परिवर्तन का आधार जिस पर दावा आपत्ति की जानी है |
|---|---|---|---|---|---|
| 228 | 228 | अशफाक अहमद/ रियाज अहमद | ओंकार प्रसाद/ अलखूराम साहू | वार्ड क्रं. 41 केलाबाड़ी, दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 229 | 229 | अनिता सेलोकर/ शंकर सेलोकर | अक्षत मिश्रा/ सुषीम मिश्रा | वार्ड क्रं. 16 सिकोलाबस्ती उत्तर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 230 | 230 | समता सचदेव/ राजकुमार सचदेव | शांती बाई जैन/ उत्तम चंद जैन, जीवन जैन, भूपेन्द्र दोनो के पिता उत्तम चंद जैन | वार्ड कं. 25 गायत्री मंदिर, दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 231 | 231 | हरिचंद साहू/ रामबृज साहू, विनोद कुमार साहू/रामबृज साहू | मुन्नी देवांगन/ रामकृष्ण देवांगन | वार्ड क्रं. 35 रामदेव मंदिर वार्ड दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 232 | 232 | प्रकाश राजपूत/ स्व. जवाहर सिंह राजपूत | मंजू यादव/ ईश्वर सिंह यादव | वार्ड क्रं. 57 उरला पश्चिम दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 233 | 233 | प्रकाश राजपूत/ स्व. जवाहर सिंह राजपूत | ईश्वर सिंह यादव/ केहर सिंह यादव | वार्ड क्रं. 58 उरला पूर्व दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 234 | 234 | सविता बिसेन/ दुमेश कुमार बिसेन | दीपिका साहू/ खेमलाल साहू | वार्ड कं. 21 तितुरडीह दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 235 | 235 | महेन्द्र जैन/ स्व. मंगलचंद जैन | ऋषभ कालोनाईजर प्रा.लि. डायरेक्टर बसंत कुमार कटारिया/ स्व. चम्पालाल जी कटारिया | वार्ड क्र. 54 पोटियाकला, दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 236 | 236 | रवि कुमार पवार/ रामलाल पवार | उत्तम बाई/ रामलाल पवार | वार्ड क्र. 39 कचहरी वार्ड दुर्ग | उपहार विलेख |
| 237 | 237 | ललेश्वरी साहू/ नरोत्तम कुमार साहू | पुष्पा देवी/ अनन्त कुमार | वार्ड क्र. 51 बोरसी उत्तर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 238 | 238 | भूमिजा सेन/ मुकेश कुमार | नौशीन अंजुम/ इकबाल हुसैन हाशमी | वार्ड क्र. 56 बघेरा दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 239 | 239 | मालती साहू/ चंद्रकांत साहू | सावित्री पटेल/ देवेन्द्र पटेल | वार्ड क्र. 52 बोरसी दक्षिण दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 240 | 240 | त्रिलोक चंद्र देशमुख/ दरबारी लाल देशमुख | दरबारी लाल देशमुख/ माखन लाल | वार्ड क्र. 53 पोटियाकला, दुर्ग | दानपत्र |
| 241 | 241 | सुनील अग्रवाल, सुशील अग्रवाल/ स्व. कृष्ण कुमार अग्रवाल | सविता अग्रवाल/ स्व. कृष्ण कुमार अग्रवाल | वार्ड क्र. 33 चंडिमंदिर दुर्ग | हक त्याग नामा |
| 242 | 242 | मेरी विक्टोरिया गोमेज/ स्व. सेमसन गोमेज, केरोलीन गोमेज/ स्व. सेमसन गोमेज, जेनेट टेरसा गोमेज/ स्व. सेमसन गोमेज | सेमसन गोमेज/ अल्फेड गोमेज | वार्ड क्र. 23 दीपनगर दुर्ग | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र |
| 243 | 243 | अशोक कुमार टेरवानी/ अटलमल टेरवानी/ सरिता टेरवानी/ अशोक टेरवानी | कुमारी श्वेता सोनी/ सुदामा सोनी | वार्ड क्र. 57 उरला पश्चिम दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 244 | 244 | गुरमुख जुमनानी/ स्व. गोपीचंद जुमनानी | मोहन लाल, गिरधारी लाल भूतड़ा/ ऐदानजी भुटाडा एवं प्रमिला देवी, दुर्गा, गायत्री, नीता, आशीष सभी के पिता स्व. नंद किशोर माहेश्वरी | वार्ड क्र. 30 तमेर पारा दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 245 | 245 | ओम प्रकाश अठवानी/ स्व. सामाणा मल अठवानी | मोहन लाल, गिरधारी लाल भूतड़ा/ ऐदानजी भुटाडा एवं हरिश, रमा सोनी, राधा प्रवीण टावी सभी के पिता स्व. राम भरौया माहेश्वरी | वार्ड क्र. 30 तमेर पारा दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 246 | 246 | संतोष मंडावी/ स्व. चैतराम मंडावी | विशाल उके/ स्व. मदन उके | वार्ड क्र. 13 मोहननगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |

नामांतरण अधिकारी
नगर पालिक निगम दुर्ग


स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालयः-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



## देश भर में पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

### जिसमें शामिल हैं छत्तीसगढ़ के 5 अमृत स्टेशन




अम्बिकापुर



भिलाई



डोंगरगढ़




उरकुरा



भानुप्रतापपुर

**लाभ**

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

**गरिमामयी उपस्थिति**

**रमेन डेका**
राज्यपाल, छत्तीसगढ़

**विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

**भारतीय रेल**

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें | www.indianrailways.gov.in | हमें फॉलो करें /RailMinIndia